




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 151 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 02 मार्च 2026 डाक 03 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम में अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।



**देश-विदेश**

खामेनेई की मौत के बाद लखनऊ में शिया समुदाय ने बड़े पैमाने पर किया प्रदर्शन, फूंके ट्रंप और नेतन्याहू के पुतले



**फीचर पेज**

रसोई के दराजों को साफ-सुथरा रखने के लिए अपनाएं तरीके




# पाकिस्तान पर तालिबान का भीषण पलटवार, रावलपिंडी और क्वेटा के सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक का दावा

## ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए नूर खान बेस पर अफगानिस्तान का हमला, मारे गए 35 पाकिस्तानी सैनिक



**काबुल, 02 मार्च [एजेंसी]।**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों से दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया, अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं। इस कार्रवाई से दोनों पड़ोसी देशों के बीच हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमले रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर हुए। इसके अलावा बलूचिस्तान के क्वेटा में 12वीं डिवीजन के मुख्यालय और खैबर पख्तूनख्वा की मोहमंद एजेंसी में ख्वाजाई कैंप पर भी बमबारी की गई। तालिबान का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान के कई अन्य जरूरी सैन्य कमांड सेंटरों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह ऑपरेशन पाकिस्तानी सेना की हालिया घुसपैठ का बदला है। पाकिस्तान ने पिछले दिनों काबुल और बगराम एयरबेस पर हमले किए थे। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगान हवाई सीमा का उल्लंघन किया या कोई आक्रामक हरकत की, तो उसे और भी कड़ा और निर्णायक जवाब मिलेगा। यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ खुली जंग का एलान कर दिया। पाकिस्तान ने शुक्रवार को काबुल और कंधार में एयरस्ट्राइक की थीं। इसके कुछ घंटों बाद ही अफगान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। रावलपिंडी का नूर खान एयरबेस पाकिस्तान की वायुसेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसे मई 2025 में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के समय भी निशाना बनाया गया था। उस हमले में बेस के ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा था। तालिबान ने रात भर चले हमलों में 32 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उनकी 203 मंसूरी, 201 सिलाब और 205 अल-बद्र कॉर्प्स ने इन ऑपरेशनों को पूरा किया। इस दौरान 10 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, 10 घायल हुए और चार सैन्य चौकियां पूरी तरह तबाह हो गईं। अफगान सेना ने पाकिस्तान के दो सैन्य ड्रोन भी मार गिराए हैं। डिप्टी प्रवक्ता सेदिकुल्लाह नसरत ने बताया कि सेना ने नंगरहार, पक्तिया, खोस्त और कंधार प्रांतों में दुश्मन के खिलाफ लेजर हथियारों और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया। फिलहाल इन हमलों के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव बना हुआ है।

## हिजबुल्लाह ने इजरायल पर किया हमला, रातभर दागी मिसाइलें, ईरान के समर्थन में ड्रोन से किए हमले



**नई दिल्ली 2 मार्च।** अमेरिका-इजरायल की तरफ ईरान पर लगातार हमले हो रहे हैं। ईरान भी इन हमलों का जवाब दे रहा है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से मिडिल ईस्ट में टेंशन लगातार बढ़ती जा रही है।अमेरिका-इजरायल के साथ चल रही जंग में लेबनान में बसा ईरान समर्थित उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह भी कूद गया है। हिजबुल्लाह ने इजरायल में रॉकेट और ड्रोन से किए हमलों की जिम्मेदारी ली है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, हिजबुल्लाह ने एक बयान जारी कर बताया कि उसने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। हिजबुल्लाह ने कहा, यह हमला अयतुल्ला अली खामेनेई की मौत का बदला लेने, लेबनान और उसके लोगों की रक्षा करने और इजरायल के बार-बार हो रहे हमलों के जवाब में किया गया है। इजरायल की सेना ने भी हिजबुल्लाह के हमलों का जवाब दिया। इजरायली सेना ने बताया कि उसने सोमवार को पूरे लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले किए हैं।इजरायल की सेना ने बयान जारी करते हुए बताया, इजरायल की ओर दागे गए रॉकेटों के जवाब में इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला करना शुरू कर दिया है।

# इजरायल को नक्शे से मिटा देना चाहिए कहने वाले ईरान के पूर्व राष्ट्रपति की एयरस्ट्राइक में मौत, रिपोर्ट में बड़ा दावा

**ईरान, 02 मार्च [एजेंसी]।**



ईरान में इजरायल का हवाई हमला लगातार जारी है। ताजा घटनाक्रम में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद की मौत की खबर आ रही है। अहमदीनेजाद वही नेता हैं, जिन्होंने एक बार कहा था कि इजरायल को नक्शे से मिटा देना चाहिए। इजरायली मीडिया आउटलेट Ma'ari1 की एक रिपोर्ट में कहा गया कि अहमदीनेजाद के घर पर एक टारगेटेड स्ट्राइक की गई, जिसमें उनकी मौत हो गई। हालांकि ईरानी अधिकारियों की तरफ से तुरंत कोई पुष्टि नहीं की गई। अहमदीनेजाद 2005 से 2013 तक ईरान के छठे राष्ट्रपति रहे। वे तेहरान के मेयर भी रहे और 2005 में मशहूर नेता अकबर हाशमी रफसंजानी को हराया।

उनके कार्यकाल के दौरान, यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर कई बार बैन लगाए। इजरायल-अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद पूरे पश्चिम एशिया में महायुद्ध जैसे हालात बन गए हैं। शनिवार को इजरायल के सटीक हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इस हमले में खामेनेई की बेटी, दामाद, बहू और उनका पोता भी मारे गए हैं। खामेनेई के साथ बैठक कर रहे सात शीर्ष कमांडर भी मारे गए हैं। इजरायल ने दावा किया कि ईरान के 40 शीर्ष अधिकारी मारे गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने 48 ईरानी नेताओं के मारे जाने का दावा किया है।

## ईरान पर हमले के विरोध में कश्मीर में भारी प्रदर्शन, दो दिनों के लिए सभी स्कूल-कॉलेज बंद

**जम्मू।** कश्मीर घाटी भर में हो रहे प्रदर्शनों को देखते हुए जम्मू और कश्मीर सरकार ने एहतियात के तौर पर सोमवार से दो दिनों के लिए शिक्षण संस्थानों को बंद करने का निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने एहतियात के तौर पर स्कूलों और सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को बंद करने का निर्णय लिया है। मंत्री इटू ने कहा कि हमने स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को दो दिनों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया है। मंत्री जी ने यह भी कहा कि सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है और जमीनी हालात का आकलन करने के बाद ही शिक्षण संस्थानों को फिर से खोलने का फैसला करेगी।

## ईरान-इजराइल तनाव: उत्तराखंड सरकार पश्चिम एशिया में नागरिकों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट



**देहरादून।** ईरान व इजराइल के बीच युद्ध को देखते हुए उत्तराखंड सरकार केवल इन दो देशों ही नहीं, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में बसे उत्तराखंडी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गया है। राज्य सरकार का फोकस उन देशों पर है जहां बड़ी संख्या में उत्तराखंड के प्रवासी कामगार, नर्सिंग स्टाफ तथा होटल उद्योग से जुड़े कर्मचारी और पेशेवर कार्यरत हैं। राज्य सरकार इन देशों में बसे सभी प्रवासी उत्तराखंडी नागरिकों की सूची तैयार करा रही है। दिल्ली में राज्य के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा को सभी संबंधित देशों के दूतावासों के संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं राज्य स्तर पर हेल्प डेस्क एक्टिव कर दी गई है। तनावपूर्व हालातों के बीच गृह विभाग ने मिडिल ईस्ट में बसे उत्तराखंड के नागरिकों का डेटा जुटाना शुरू कर दिया है। प्रवासी डेटा बैंक अपडेट किया जा रहा है। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने जिलों से जुड़े उन परिवारों की सूची तैयार रखें जिनके सदस्य इन देशों में कार्यरत हैं। राज्य कंट्रोल रूम को अलर्ट पर रखा गया है। गृह विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है, जो सीधे विदेश मंत्रालय से समन्वय करेंगे।

## इजरायल-ईरान युद्ध के बीच सुरक्षित निवेश की बढ़ी मांग, सोना-चांदी 3 प्रतिशत उछले



**मुंबई 02 मार्च।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त सैन्य अभियान के कारण सुरक्षित निवेश की मांग मजबूत हो गई है, जिसके चलते सोमवार को कीमती धातुओं में बड़ी उछाल देखने को मिली। इस दौरान, सोने-चांदी की कीमतों में 3 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एमसीएक्स पर अप्रैल वायदा सोना दिन के कारोबार में 3 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 1,67,915 रुपए प्रति 10 ग्राम के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं मार्च वायदा चांदी भी 3 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 2,85,978 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जो दिन का उच्चतम स्तर रहा।

### जबलपुर में रफ्तार का कहर

## अलग-अलग हादसों में तीन की मौत, ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर ने छीन ली जिंदगी

**जबलपुर, 02 मार्च [एजेंसी]।**

जबलपुर शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के शीतलपुरी बल्देवबाग के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चला रहे सत्येंद्र विश्वकर्मा (21) निवासी शांति नगर की बाइक सड़क किनारे खड़ी कार के पीछे से टकरा गई। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आने से 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार ग्राम बिलखरवा निवासी विकास गौड़ (14) अपने साथी सोनी ठाकुर के साथ खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। पाटन थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर का पहिया चढ़ जाने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक साहू मोहल्ला निवासी मनोज साहू (44) अपने परिचित सौरभ साहू के साथ मोटरसाइकिल से रंग-गुलाल खरीदने पाटन गए थे। लौटते समय बगदरी वॉटरफॉल मोड़ के पास एक ट्रैक्टर चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

दोनों सड़क पर गिर पड़े और ट्रैक्टर का पहिया मनोज साहू के ऊपर से गुजर गया। गंभीर चोट लगने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# दिल्ली के 4 स्कूलों और एक्सिस बैंक को बम से उड़ाने की धमकी, दिल्ली पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी

**नईदिल्ली 02 मार्च [एजेंसी]।**

सोमवार सुबह राजधानी में उस समय हड़कंप मच गया, जब अलग-अलग इलाकों के 4 स्कूलों और एक बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गई और सभी स्थानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। सुबह करीब आठ बजे से साढ़े नौ बजे के बीच दिल्ली कैंट स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल, मयूर विहार का सलवान पब्लिक स्कूल, जनकपुरी का मीरा पब्लिक स्कूल, बल्लीमारान स्थित राबिया गर्ल्स स्कूल और बरामखंबा रोड स्थित स्टेट्समैन हाउस में एक्सिस बैंक को धमकी भरे संदेश मिले। धमकी मिलने के बाद स्कूल परिसरों को एहतियातन खाली कराया गया। छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया, जबकि बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने गहन तलाशी अभियान शुरू किया। बैंक परिसर की भी बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अब तक किसी भी स्थान से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।




हालांकि, सुरक्षा के मद्देनजर सभी जगहों पर सर्च ऑपरेशन जारी है। प्रारंभिक जांच में धमकी के स्रोत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। साइबर टीम भी सक्रिय कर दी गई है, ताकि संदेश भेजने वाले की पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आधिकारिक जानकारी का इंतजार करने की अपील कर रही है।

## बंगाल में एसआईआर को लेकर दो दिवसीय बैठक, सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों में जुटा आयोग




**कोलकाता।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर सोमवार और मंगलवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें आयोजित करेगा। ये बैठकें राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया और अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद की स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से बुलाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार न्यायिक निर्णय के लिए भेजे गए नामों को छोड़कर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है, जिसके बाद चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। ये बैठकें दो चरणों में आयोजित की जाएंगी, जो सोमवार को सुबह 11 बजे से शुरू होंगी, जहां इसके शीर्ष अधिकारी पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त सीईओ, संयुक्त सीईओ, उप सीईओ, जिला मजिस्ट्रेट (जो जिला निर्वाचन अधिकारी भी हैं) और जिला पुलिस अधीक्षकों के साथ एक वर्चुअल बैठक करेंगे। मंगलवार को बैठकों का दूसरा चरण होगा, जिसमें नई दिल्ली में चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारी, सीईओ, राज्य के नोडल पुलिस अधिकारी (एसएनपीओ) और राज्य में चुनावों के लिए विभिन्न केंद्रीय सुरक्षा और जांच एजेंसियों के समन्वय अधिकारी वर्चुअल रूप से भाग लेंगे।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर पश्चिम एशिया तनाव का असर, उड़ानें प्रभावित होने से परेशान दिखे यात्री

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया तनाव में बढ़ते संघर्ष के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित हुई है। कई फ्लाइट्स को रद्द किए जाने और उड़ानों में देरी के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री परेशान नजर आएं। एक यात्री ने बताया कि मिडिल ईस्ट में स्थितियां खराब होने से मक्का-मदीना जाने में परेशानी हो रही है, क्योंकि लड़ाई की वजह से उड़ानें प्रभावित हैं। एक सऊदी एयरलाइन जरूर समय से चल रही है, लेकिन भारत और अन्य देशों की एयरलाइन्स की उड़ानें प्रभावित है, जिससे लोगों को दिक्कत हुई है।

## वैध मतांतरण मामले में विदेशी सरगना दाऊद अहमद की संपत्ति होगी कुर्क, रेड कॉर्नर नोटिस की तैयारी



**आगरा।** अवैध मतांतरण मामले में विदेशी सरगना के न्यायालय में हाजिर न होने पर संपत्ति कुर्क की जाएगी। इसके लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी है। इसके बाद आरोपित को कनाडा से भारत लाने के लिए इंटरपोल के माध्यम से रेड कार्नर नोटिस जारी कराया जाएगा। हाल ही में आगरा पुलिस ने विदेशी सरगना के भोपाल स्थित गोपाल स्थित आवास पर नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई की थी।आगरा के चर्चित अवैध मतांतरण मामले में विदेशी सरगना के रूप में कनाडा में रह रहा दाऊद अहमद वांछित है। हाल ही में आगरा पुलिस ने आगरा पुलिस ने भोपाल के गांधीनगर स्थित रिलायबल हाइटेक सिटी कॉलोनी में स्थित दाऊद के घर पर न्यायालय से जारी नोटिस चस्पा किया था। पुलिस टीम ने उसके पिता जावेद और भाई को भी नोटिस तामील कराया साथ ही कॉलोनी में मुनादी भी कराई थी। नोटिस के अनुसार दाऊद अहमद को फरवरी में न्यायालय में पेश होना है। आरोपित के न्यायालय में हाजिर न होने पर संपत्ति को कुर्क किया जाएगा। इसके लिए आगरा पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस कनाडा से दाऊद को भारत लाने के लिए इंटरपोल के माध्यम से रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराने की प्रक्रिया पूरी कर रही है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# रेखा गुप्ता ने केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि दिल्ली की जनता की नज़र में आप प्रमुख दोषी है

**नईदिल्ली 02 मार्च [एजेंसी]।**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल भले ही अपना बचाव करें, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी के लोगों की नज़र में वह दोषी हैं और उन्हें माफ़ नहीं किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल को इस समय किसी भी राहत का जश्न नहीं मनाना चाहिए, उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई अब दिल्ली हाई कोर्ट में होगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केजरीवाल को क्लासरूम बनाने का मामला, कथित नकली लेबर बिल, दिल्ली जल बोर्ड के मुद्दे, एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट के मामले और शीश महल विवाद सहित कई विवादों के बारे में सवालों के जवाब भी देने होंगे। गुप्ता ने यह बात प्रवास प्रोग्राम के तहत चांदनी चौक इलाके के दौरे के दौरान कही। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने निवासियों से बातचीत की और बीजेपी सरकार का एक साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। गुप्ता ने कहा कि 27 साल के गैप के बाद, दिल्ली में बीजेपी की अगुवाई वाली सरकार ने लंबे समय से रुके हुए प्रोजेक्ट्स को पूरा करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक, जिसे सालों से नज़रअंदाज़ किया गया था, अब वहां साफ़ डेवलपमेंट हो रहा है, जिसमें इलाके की विरासत को बचाने के लिए बिजली के ओवरहेड तारों को अंडरग्राउंड करने का प्रोजेक्ट भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मज़बूत बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साफ़, हेल्दी, सुरक्षित, ग्रीन दिल्ली के अपने पांच-पॉइंट विज़न पर काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली का लक्ष्य अब सरकारी कागज़ों तक सीमित न रहकर ज़मीन पर दिख रहा है। इस प्रोग्राम में एमपी प्रवीण खंडेलवाल और योगेंद्र चंदोलिया के साथ-साथ लोकल विधायक और पार्टी के दूसरे पदाधिकारी भी शामिल हुए। एक ट्रायल कोर्ट ने दिल्ली एक्साइज़ पॉलिसी केस में केजरीवाल, उनके डिप्टी मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को बरी कर दिया, जिसके कारण नेशनल कैपिटल में आप सरकार गिर गई थी।

## 2 युवकों की मौत, शराब पीकर नहाने के दौरान तालाब में डूबे

**बिलासपुर 2 मार्च।** तालाब में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक अपने 5 दोस्तों के साथ घूमने निकले थे। हाथ-मुंह धोने के दौरान पैर फिसलने से वे गहरे पानी में चले गए। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, बंधवापारा का रहने वाला हिमांशु चहांदे (21) और देवरीखुर्द का रहने वाला शिवम मानिकपुरी (20) अपने पांच साथियों के साथ रविवार दोपहर में खमतराई की ओर घूमने गए थे। सभी अमहा तालाब के किनारे एक पेड़ के नीचे बैठकर शराब पीते हुए बातचीत कर रहे थे। शाम करीब चार बजे हिमांशु और शिवम हाथ-मुंह धोने तालाब की ओर गए।

# इस गर्मी में भी शहरवासियों की टंकी से नहीं बुझ पाएगी प्यास

## जल आवर्धन योजना का बुरा हाल, 9 साल से चल रहा काम



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में रहने वाले लोगों को इस साल की गर्मी में भी पेयजल के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी। शहर में जल आवर्धन योजना का बुरा हाल है। योजना का काम 9 सालों से चल रहा है। बावजूद इसके संबंधित ठेकेदार एवं पालिका प्रशासन के अफसर ध्यान तक नहीं दे रहे है।

गौरतलब है कि जल आवर्धन योजना के तहत जांजगीर शहर में पानी की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से देवरहा से लेकर जांजगीर तक करीब 12 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। जिसके तहत काम भी प्रारंभ किया गया, लेकिन 9 साल का समय होने के बावजूद आज पर्यन्त पाइप लाइन बिछाने एवं पानी टंकी बनाने का काम पूरा तक नहीं किया जा सका है। वहीं अब मार्च का महीना भी प्रारंभ हो चुका है। गर्मी का एहसास भी अब होने लगा है। इन सबके बावजूद इस साल गर्मी में भी काम पूरा होने के आसार तक नजर नहीं आ रहे है। पूर्व में जिस नागपुर की कंपनी को ठेका दिया गया था वह काम छोड़कर भाग गया है। वहीं अब जल आवर्धन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने एवं पानी टंकी बनाने का काम बिलासपुर के राजेन्द्र कुमार पोददार की कंपनी को मिला है। समय में बदलाव होने के साथ साथ जांजगीर शहर की आबादी 50 हजार को पार कर गई है। शहर 25 वार्डों में बंटा हुआ है। जल आवर्धन योजना की शुरूआत साल 2017 में प्रारंभ की गई थी। योजना के तहत ग्राम देवरहा से जांजगीर तक पाइन लाइन के माध्यम पानी पहुंचाया जाना है। लेकिन पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते शहरवासियों को योजना का समुचित लाभ तक नहीं मिल पा रहा है। पालिका प्रशासन की माने तो काफी लंबे इंतजार के बाद जनवरी, 2026 से देवरहा से लेकर जांजगीर तक पाइप लाइन बिछाने के साथ साथ पानी टंकी बनवाने पर ध्यान दिया जा रहा है। वहीं अब भी शहर के लोगों के घरो तक इस साल के गर्मी में भी पानी की समुचित व्यवस्था बन जाने को लेकर आसार नजर तक नही आ रहे है।

**34 करोड़ 55 लाख का बजट**

जल आवर्धन योजना के तहत जांजगीर शहर में पाइप लाइन बिछाने से लेकर पानी टंकी निर्माण कार्य को लेकर 34 करोड़ 55 लाख रूपारे का बजट स्वीकृत किया गया है।

***चल रहा निर्माण कार्य***

*जलआवर्धन योजना के तहत 34 करोड से अधिक की राशि शासन के द्वारा स्वीकृत लाइन की गई है। जिसके तहत पाइप बिछाने का काम प्रारंभ किया काया है। कार्य में तेजी लाने को लेकर संबंधित ठेकेदार को कहा गया है। पानी की समस्या आने पर समुचित व्यवस्था भी की जाएगी।*

***-विक्रांत भगत,***
***मुख्य नगरपालिका अधिकारी***
***जांजगीर-नैला***

जिसके तहत शहर में पानी की समस्या को दूर किया जाना है। लेकिन कार्य काफी समय तक बंद होने के कारण जब तक काम पूरा नहीं किया जा सका है। जिसके चलते शहर में रहने वाले लोगों को अभी पानी की समुचित प्रबंधन को लेकर काफी लंबा इंतजार भी करना पड सकता है। जांजगीर शहर में ही पानी टंकी निर्माण के साथ पाइप लाइन विस्तार का काम अधूरा है।

## विज्ञान मेले में छात्रों ने सीखे प्रयोग

**जांजगीर।** जांजगीर ग्राम भवतरा स्थित शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला में विज्ञान मेले का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक मॉडलों और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा और नवाचार क्षमता का प्रभावशील प्रदर्शन किया। विभिन्न स्टालों पर बच्चों ने प्रयोग कर आगंतुकों को सरल ढंग से वैज्ञानिक सिद्धांत समझाए।

मेले में छात्रों ने सूक्ष्मदर्शी से स्लाइड का अवलोकन किया और अम्ल-क्षार से जुड़े प्रयोग प्रस्तुत किए। इसके साथ ही सुचालक-कुचालक पदार्थों की पहचान, पदार्थों का वर्गीकरण और पृथक्करण की विधियां, चुम्बकीय-अचुम्बकीय वस्तुओं की पहचान, तापमापी का उपयोग और पदार्थों की प्रकृति व अवस्था का प्रदर्शन किया गया।

## सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चांपा-जांजगीर।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Instagram के माध्यम से परम पूज्य संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के मेला कार्यक्रम गिरौधपुरी धाम में आयोजित था। जिसमें संबंधित वीडियो अपलोड किया गया था। उक्त वीडियो पर आरोपी द्वारा अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।



रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए *पुलिस अधीक्षक जांजगीर- चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती सतरूपा तारम के मार्गदर्शन में साइबर थाना टीम एवं शिवरीनारायण पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए आरोपी को पकड़ा जिसको पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किया गया है मामले विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

## चैतन्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

**पामगढ़।** चैतन्य विज्ञान एवं काला स्वशासी महाविद्यालय पामगढ़ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान से परिचित कराने के उद्देश्य से विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत की उत्प्रेरक पपरिचचा एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. सीवी रमन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रारंभ में कार्यक्रम के सह समन्वयक एव रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषभ देव पांडेय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 की थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत की उत्प्रेरक की जानकारी देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा से विद्यार्थियों को अवगत कराया। मुख्य वक्ता डॉ. वीणापाणि दुबे ने अपने उद्बोधन में भारत की महान महिला वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने से भारत की मिसाइल वूमन की नाम प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. टेसी थॉमस, इंडियन साइंस कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष प्रो. असीमा चटर्जी तथा अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के प्रेरणादायक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि भारत में लगभग 18.6 प्रतिशत वैज्ञानिक महिलाएं हैं तथा अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में महिलाओं की लगभग 25 प्रतिशत भागीदारी है, जो विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संस्था के संचालक वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार है तथा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। प्राचार्य डॉ. उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

वीके गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़कर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र नाथ गुरिया ने कहा कि विज्ञान समाज के समग्र विकास का आधार है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से वैज्ञानिक प्रगति को नई दिशा मिल रही है। सहायक प्राध्यापक डॉ. मोनालिसा शर्मा ने कहा कि आज महिलाएं विज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है।

## जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने मनोज खरे

**पामगढ़।** डॉ चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं श्रीमती ज्योत्सना महंत सांसद कोरबा



तथा दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के अनुमोदन से राजेश अग्रवाल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा द्वारा मनोज खरे नोटरी अधिवक्ता पामगढ को महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी मनोनित किया गया है। ज्ञात हो कि मनोज खरे के दादा स्व पंडित बहोरीक लाल सूर्यवंशी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पामगढ़ के प्रथम विधायक रहे है और उनसे प्रेरणा लेकर एनएसयूआई से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश कर कांग्रेस संगठन मे रह कर प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस संगठन के अनेक पदों में रह कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत प्रदान किए है। साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ कर लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। उनके इन्हीं अनुभवों को देख कर कांग्रेस पार्टी ने पुन: जिम्मेदारी दी है इनके मनोनयन से पामगढ़ क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

## महिला से ठगी कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** मदद के नाम पर बुजुर्ग महिला को झांसा देकर सोने की माला एवं नगदी रकम ठगने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से सोने की माला बरामद कर ली गई है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरिसया थाना जैजैपुर निवासी श्रीमती लक्ष्मीन बाई चंद्रा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 7 फरवरी को चांपा अस्पताल में अपने पति को भर्ती कराकर ईलाज करा रही थी। इसी बीच 9 फरवरी को सुबह एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और रिश्तेदार होने की बात कहते हुए विश्वास मे लेकर जहर खाने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से 6 लाख रूपये नगद पैसा दिलाने की बात कही। इस पर महिला उसके झांसे में आ गई



और भारतीय स्टेट बैंक ले जाकर फार्म भरने के लिए 6500 रूपये दे दिए। थोडी देर बाद आकर उक्त व्यक्ति ने महिला वजन कराने की बात कहकर उसका सोने का माला और पर्स रख लिया। इसके बाद उक्त व्यक्ति वहां से गायब हो गया। मामले में महिला ने चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने धारा 318 (4) कायम कर विवेचना में लिया। सीसीटीवी फुटेज एवं संदेह के आधार पर संदेही हरिशंकर उर्फ राहुल डेंसिल की पतासाजी कर संदेही को तलब कर पुछताछ की गई।

राहुल ने प्रार्थीया को 6 लाख रूपये पैसा दिलाने का झांसा देकर सोने का 13 फर वाला माला एवं पर्स मे बचे 13500 रूपये तथा टच वाला मोबाईल ले जाना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी हरिशंकर ऊर्फ राहुल डेन्सिल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

## बाबूलाल जायसवाल बने कांग्रेस के जिला महामंत्री

**जांजगीर चाम्पा।** बाबूलाल जायसवाल को कांग्रेस कमेटी का जांजगीर चांपा के महामंत्री पद दिया गया है इसके पूर्व जिला कांग्रेस



कमेटी के उपाध्यक्ष पद कर थे। कांग्रेस पार्टी इनके ऊपर विश्वास कर उनको इस बार महामंत्री का दायित्व दिया है। बाबूलाल जायसवाल विगत35 वर्षों से ग्राम पंचायत सोंठी के लगातार उप सरपंच है इनके धर्म पत्नी सरोजनी देवी जयसवाल जनपद पंचायत बम्हनीडीह की अध्यक्ष रह चुकी हैं एवं वर्तमान में जनपद सदस्य हैं। बाबूलाल जायसवाल अपने समाज के भी जायसवाल सर्व वर्गीय कलार महासभा के जिला के अध्यक्ष हैं और अपने समाज के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं वर्तमान में प्रगतिशील जायसवाल कनौ कलार समाज छत्तीसगढ़ के स्थाई समिति के अध्यक्ष भी अभी-अभी निर्वाचित हुए हैं बाबूलाल जायसवाल ठाकुर गुलजार सिंह एवं चरण दास महंत के बहुत करीबी माने जाते है। कृषक सेवा सहकारी समिति सोंठी के निर्वाचित अध्यक्ष भी दोनों सरोजनी देवी एवं बाबूलाल जयसवाल रह चुके हैं।

## लीनेस क्लब का होली मिलन, फूलों की होली खेली

**सक्ती।** आल इंडिया लीनेस क्लब्स सीजी-1 स्वर्णिम सक्ती द्वारा चार्टर अध्यक्ष शहनाज बानो की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लीनेस निधि सिंह के निवास स्थित उद्यान में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत लड्डू गोपाल और राधा-कृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना से की गई।इसके बाद सभी सदस्याओं ने एक-दूसरे को रंग-बिरंगे गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक फागुनी गीतों के साथ-साथ लोकप्रिय गीतों पर महिलाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण उल्लास और उमंग से भर गया। समारोह का मुख्य आकर्षण फूलों की होली रही।

## अशा. विद्यालय संघ की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा, हुए निर्णय

### कोरबा से अजय दुबे भी हुए शामिल



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की वृहद प्रदेश स्तरीय बैठक आज दिनांक 28/02/26 शनिवार को एक समीक्षा बैठक होटल आदित्य रायपुर में आयोजित की गई गई। बैठक में प्रदेश के 15 जिलों के संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता के तेल चित्र पर पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुबोध राठी ने विगत एक वर्ष में संगठन के द्वारा निजी विद्यालय के विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवं उनके हित संवर्धन के लिए किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया की किस तरह निजी विद्यालयों को आरटीई के तहत अध्यनरत विद्यार्थियों की प्रतिपूर्ति की राशि को पहली बार दीपावली के पहले भुगतान कराया गया, जो की पहले दो तीन वर्षों में मिला करती थी।निजी विद्यालयों में भुगतान की जाने वाली ऋ्रञश्व प्रतिपूर्ति की राशि में वृद्धि हेतु शासन से चल रही बातचीत की प्रगति के बारे में सभी को बताया गया। प्रदेश में शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने संगठन विगत कई वर्षों से मांग कर रहा था कि प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाए, जो की पूर्ण हुई और 5 वीं,8 वीं बोर्ड घोषित हो गई। संगठन यह भी मांग करता है कि अब इन बोर्ड परीक्षा में पास फेल करने की पद्धति भी अपनाई जाए।

राठी जी ने बताया कि हमारे संगठन को बने मात्र एक वर्ष होने जा रहा है और इस एक वर्ष में ही हमने अपने विभिन्न मांगो को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव सहित सभी प्रमुखों के साथ सतत संवाद स्थापति कर हमने विद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में अनेक कार्य किए हैं। बैठक में अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के सचिव मनोज पाण्डेय, उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, जितेंद्र तिवारी, विशंभर साहू, सह सचिव अक्षय कुमार दुबे,सहसचिव पारखदास मानिकपुरी,कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पाण्डेय,तरुण भांडे अध्यक्ष धमतरी, राजेश सोनी अध्यक्ष बालोद,नरबद कश्यप अध्यक्ष मुंगेली उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जांजगीर चांपा जिले के सचिव आलोक शुक्ला ने किया।

बैठक में सभी सदस्यों ने विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं पर चर्चा करते हुए शासन से आधौलिखित मांगे की है जिसके लिए शीघ्र ही प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव के साथ बैठक करेगा। बैठक में कोरबा जांजगीर-चांपा, एमसीबी, बलौदा बाजार, अंबिकापुर, जशपुर, रामानुजगंज, रायपुर धमतरी, बेमेतरा, कवर्धा सहित कई जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जी राम जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर

**जांजगीर।** गुरुवार को ऑडिटोरियम भवन जांजगीर में विकसित भारत जी-राम जी योजना एवं एक्ट, 2025 के संबंध में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 3 दुकानों में लगी आग, सारा सामान जलकर राख

**जांजगीर-चांपा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कचहरी चौक के पास देर रात तीन ठेला दुकानों में भीषण आग लग गई। इस घटना में तीनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं, जिससे लाखों रुपए का सामान नष्ट हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर

की काबू पाया। जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुई। आग की चपेट में कोलड्रिंक दुकान, मुर्रा की दुकान और गन्ने के रस की दुकान आ गई। दुकान संचालकों को इस आगजनी से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है।हालांकि होली पर्व से ठीक पहले हुई इस घटना को देखते हुए असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## रिश्तेदार बन बुजुर्ग महिला से 3 लाख की ठगी,आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक बुजुर्ग महिला से रिश्तेदार बनकर 3 लाख रुपए की सोने की माला ठगने वाले आरोपी हरिशंकर उर्फ राहुल डेंसिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह घटना चांपा थाना क्षेत्र में हुई।

पुलिस के अनुसार, लक्ष्मीन बाई चंद्रा नामक महिला ने चांपा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके पति ने जहर खा लिया था और उनका इलाज चांपा के एक निजी अस्पताल में चल रहा था।

9 जनवरी को एक अज्ञात व्यक्ति अस्पताल आया और खुद को उनका रिश्तेदार बताया। महिला उसे पहचान नहीं पाई। आरोपी ने उनके पति की हालत देखकर कहा कि जहर खाने वाले व्यक्ति को सरकार से 6 लाख रुपए मिलते हैं और इसके लिए फॉर्म भरना होगा। आरोपी महिला को चांपा स्थित एसबीआई बैंक ले गया और फॉर्म भरने के नाम पर 6500 रुपए लिए। कुछ देर बाद उसने महिला से कहा कि वजन करना है और ज्यादा वजन होने के कारण गले में पहनी सोने की माला पर्स में रख दें। महिला ने उसकी बात मानकर अपनी 13 फर वाली सोने की माला, पर्स में रखे 13500 रुपए और मोबाइल उसे सौंप दिया।

## करोड़ों खर्च के बाद भी रामबांधा तालाब बदहाल



**चाम्पा।** नगर का ऐतिहासिक रामबांधा ही तालाब करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी अपनी बदहाली पर आंसू क बहा रहा है। कभी यह 97 एकड़ में को, फैला स्वस्च्छ सुन्दर व विशाल के तालाब था। बाद में अतिक्रमण के कारण यह सिकुड़ गया। वहीं गंदगी व जलकुंभी ने रही सही कसर पूरी कर दी। अब यह तालाब पूरी तरह से बदहाल हो चला है।

लोगों में उम्मीद जगी की रामबांधा तालाब के दिन लौटेंगे। आईडीएसएमटी के तहत किये कार्यों में मिट्टी बाहर नहीं की गई बल्कि तालाब के पूर्व दिशा को पाट कर दो लाईन की एक किमी लम्बी सड़क, गार्डन व आवासीय परिसर के लिए भूमि बना लिया गया। करीब 20 से 25 प्रतिशत हिस्से को पाट कर तालाब को छोटा कर दिया गया। कालान्तर में पुष्पवाटिका, नगर पालिका भवन, बस स्टैण्ड,यांत्रिकी विभाग आदि बनाये गये जिसका समय समय पर विरोध भी किया जाता रहा है। कुछ मामले न्यायालय में भी गये, लेकिन प्रशासन पर इसका असर नहीं पड़ा। शेष बचे तालाब में कुड़े कचड़े व जलकुंभी का कब्जा है।

जलकुंभी के कारण तालाब मैदान की तरह दिख रहा है। घने जलकुंभी के फैलाव से पानी देख पाना मुश्किल है। तालाब की ओर अब किसी का ध्यान नहीं है। नगर पालिका मछली पालन के लिए ठेका देकर तालाब को केवल आय का साधन ही बना रखी है। गंदगी व दूषित पानी से जहां बीमारी फैलने की आशंका को बल मिल रहा है वही मच्छर पनप रहे है जिसके कारण तालाब के किनारे रहने वालों का बुरा हाल है।

## कटौद में 6 जुआरी गिरफ्तार

**जांजगीर।** थाना नवागढ़ क्षेत्र के कटौद में बीती रात पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेल रहे छह लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 11,100 रुपए नगद और ताश की पत्तियां जब्त की गईं। जिले में अवैध जुआ-सट्टा गतिविधियों को रोकने विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में नवागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि कटौद में कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## होली पर्व के मद्देनज़र सक्ती पुलिस द्वारा शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित

**सक्ती।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के दिशा-निर्देशों के परिपालन में दिनांक 28.02.2026 को थाना सक्ती परिसर में शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई।



बैठक का उद्देश्य होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करना तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करना था। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों, धार्मिक प्रतिनिधियों एवं पत्रकार बंधुओं से सुझाव भी आमंत्रित किए गए तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित की गई। बैठक में प्रशासन ने अपील की होली के दौरान किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन न करें।शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें। अश्लील, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ शब्दों का प्रयोग न करें।प्रतिबंधित मुखौटों या वेशभूषा का उपयोग न करें। सड़क पर आने-जाने वाले व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों पर जबरदस्ती रंग न लगाएं।निर्धारित समय सीमा के पश्चात तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम/डीजे का उपयोग न करें।सार्वजनिक मार्गों को लकड़ी, टायर या अन्य वस्तुओं से बाधित न करें, जिससे आवागमन प्रभावित हो। देर रात्रि तक अनावश्यक रूप से समूह बनाकर न घूमें।सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, भ्रामक पोस्ट या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचें। कानून एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल एवं सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में यह अवगत कराया गया कि होली पर्व के दौरान संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की विशेष तैनाती की जाएगी। पेट्रोलिंग व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा। असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, विवाद या आपात स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी थाना में दें, ताकि त्वरित कार्यवाही की जा सके। उक्त शांति समिति की बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा, निरीक्षक लखन पटेल थाना प्रभारी सक्ती, नायब तहसीलदार पद्मलोचन पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा अभिषेक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स मनीष कथुरिया, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री गिरधर जायसवाल एवं समर सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र, भाजपा नगर मंडल महामंत्री संजय अग्रवाल, दीपक गुप्ता (प्रदेश सहसचिव, छत्तीसगढ़ सुरक्षा फाउंडेशन), वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप अग्रवाल, मनोज सोनी, संजय कश्यप, गोविंद देवांगन, गोविंद निराला पार्षद, संतोष लाला सोनी (पार्षद), जामा मस्जिद के सदस्य गण मो. नजीब मौलाना साहब, गुलाम मनियार, शेख महबूब, पत्रकार बंधु रामनरेश यादव, मोहन देवांगन, अजय अग्रवाल, महेंद्र खांडे, तपेश शर्मा, राज शर्मा एवं नगर के अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि, व्यापारीगण एवं नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई।बैठक के अंत में सभी उपस्थित जनों ने होली पर्व को आपसी प्रेम, सद्भाव एवं शांति के साथ मनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## अनमोल वचन......

**आप एक मूल व्यक्ति के रूप में पैदा हुए हैं। एक प्रति के रूप में मत मरो।**

# ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र

*डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन एआई पर किसी प्रकार के लगाम के खिलाफ है। उसके मुताबिक इस तकनीक की राह में नियम-कायदे जैसी रुकावटें नहीं होनी चाहिए। नई दिल्ली घोषणापत्र में इसी नजरिए को जगह मिली। यानी यह ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर हुए पहले तीन शिखर सम्मेलनों (लंदन, सियोल और परिस) में मुख्य जोर इस तकनीक से संबंधित सुरक्षा एवं इसका विनियमन पर था। मगर नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में ये चिंताएं हाशिये पर चली गईं। उसके बजाय नई दिल्ली घोषणापत्र में मुख्य ध्यान आर्थिक विकास और समावेशन पर दिया गया है। लगभग 900 शब्दों के इस दस्तावेज के केंद्रीय बिंदु एआई के लोकतांत्रिक सम्मिलन का चार्टर, एआई संसाधनों तक पहुंच को प्रोत्साहित करने का स्वैच्छिक एवं अबाध्यकारी फ्रेमवर्क, और स्थानीय प्रासंगिकता के मुताबिक आविष्कार आदि हैं। ये बातें इतनी सामान्य किस्म की हैं कि इन पर मतभेद की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए सम्मेलन में शामिल हुए सभी 88 देशों ने सहजता से इस पर दस्तखत कर दिए। जबकि 2025 में हुए पेरिस सम्मेलन में चूंकि एआई के विनियमन पर जोर दिया गया, तो अमेरिका ने साझा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर से इनकार कर दिया था। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन एआई पर किसी प्रकार के लगाम के खिलाफ है। उसकी दलील है कि इस तकनीक की राह में नियम- कायदे जैसी रुकावटें नहीं आनी चाहिए। नई दिल्ली घोषणापत्र को इसी नजरिए से तैयार किया गया। यानी यह ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र है। चीन भी एआई संप्रभुता की वकालत करता है, इसलिए ऐसे दस्तावेज पर उसे कोई आपत्ति नहीं होनी थी, जिसमें एआई विनियमन के बारे में राष्ट्रीय सरकारों के अधिकार को स्वीकार किया गया हो। चीन में एआई का उपयोग राजकीय नियोजन के तहत आम प्रशासन एवं जमीनी विकास के लिए हो रहा है। अमेरिका की तुलना में यह बिल्कुल अलग नजरिया है। चूंकि एआई के क्षेत्र में प्रमुख शक्तियां अमेरिका और चीन ही हैं, इसलिए वे अपने यहां इस तकनीक को कैसे विकसित कर रही हैं, वह इस समय वैश्विक चर्चा एवं ध्यान का प्रमुख बिंदु है। इस बीच एआई शिखर सम्मेलन उन दोनों सहित तमाम हितधारकों के बीच संवाद का मंच बने हैं। मगर वहां साझा घोषणापत्र अधिकतम सहमति पर ही आधारित हो सकते हैं। नई दिल्ली में यह सहमति बनी, क्योंकि विनियमन समर्थकों ने अपना रुख नरम क लिया और अमेरिकी मंशा के मुताबिक शब्दों के चयन पर सभी राजी हो गए।*

# राशिफल

**मेष राशिः** वाणी और व्यवहार में संयम रखें नया साल आपके लिए धन संबंधी मामलों में अच्छा रहेगा। आर्थिक क्षेत्र में किए गए सकारात्मक प्रयास अनुकूल परिणाम देंगे। इस साल वाहन या मकान भी खरीदने संभावना बन सकती है। सामाजिक या कार्यक्षेत्र में इष्ट मित्रों की सहायता से मुश्किलें कम होंगी। अपनी वाणी और व्यवहार में संयम रखें। मधुरता और नम्रता अवश्य बनाएं रखें, अन्यथा वाद विवाद होने की संभावना बढ़ सकती है।

**वृष राशिः** व्यवसाय में लाभ के योग आपके लिए नए साल का पहला दिन मिले-जुले अनुभव लेकर आया है। आप अपनी बुद्धि और विवेक से कार्य क्षेत्र में मनचाहा परिणाम प्राप्त करेंगे। व्यापारियों को व्यवसाय में लाभ के योग हैं। इस साल आपके आय के नए स्रोत के सृजन होने के प्रबल योग बन रहें हैं। नौकरी करने वालों को कार्य स्थल पर अधिकारियों की ओर से सम्मानित किया जा सकता है।

**मिथुन राशिः** उधार के लेन-देन से बचें आपको अनावश्यक और तनाव पूर्ण बातों से दूर रहना चाहिए। बच्चों की शिक्षा के संबंध में यात्रा भी करनी पड़ सकती है। इस सिलसिले में कहीं न कहीं भाग-दौड़ बनी रहेगी। बैंकिंग और फाइनेंस से संबंधित जातकों को थोड़ी मंदी का सामना करना पड़ सकता है। इस साल आपको जहां तक हो सके उधार के लेन-देन से बचना चाहिए।

**कर्क राशिः** चमक सकती है आपकी किस्मत नववर्ष आपके लिए अत्यन्त सुखद रहने वाला है। आपकी किस्मत पलट सकती है। अगर आप सरकारी नौकरी पेशा हैं, किसी प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत हैं या फिर व्यावसायिक हैं, इस साल कहीं दूरस्थ यात्रा पर जाने के योग हैं। यह यात्रा आपके लिए शानदार हो सकती है। विशेष रूप से आर्थिक लाभ का कारक होगा।

**सिंह राशिः** आय के साधन बढ़ने की संभावना आपके लिए दिन मिला-जुला रह सकता है। कार्य-क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यों में संघर्ष की स्थिति बन सकती है परन्तु अपनी सूझबूझ से काम को पूरा कर लेंगे, जिससे आनंद की प्राप्ति होगी। आर्थिक दृष्टि से यह साल आपके अनुकूल रहेगा। इच्छानुसार कहीं भी निवेश कर सकते हैं या घूमने-फिरने की योजना भी बना सकते हैं। सिंह राशि का डिटेल राशिफल

**कन्या राशिः** आप ऊर्जावान और आशावान रहेंगे यह साल आपके जीवन में समृद्धि लेकर आया है। भाग्य का पूरा साथ आपको मिलेगा। नौकरी या व्यवसाय में जिस भी काम को आगे बढ़ाने की योजना बनाएंगे उसमें आपको सफलता हासिल होगी। इस साल आपको तबादले से संबंधित मनचाही सूचना मिल सकती है, जिसका आपको बहुत दिनों से इंतजार था। कुछ परिस्थितियां ऐसी बनेंगी जिससे पारिवारिक तनाव समाप्त हो सकता है।

**तुला राशिः** आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी आपके जीवन के अधिकांश क्षेत्रों में नववर्ष सकारात्मक रहेगा। सरकारी या प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे जातकों के लिए तरक्की के लिए मार्ग प्रशस्त होंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इस साल व्यापार करने वाले जातकों के लिए उन्नति के योग बन रहें हैं, जिसे अपनी बुद्धि और विवेक से उचित निर्णय के बल पर प्राप्त करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन रहेगा शानदार इस साल आपको भाग्य का अच्छा साथ मिलने वाला है। आप अपने ज्यादातर कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करेंगे। आपके प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी और आप अपने लवलाइफ के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इस राशि के व्यापारियों के लिए यह साल अच्छा है। विद्यार्थियों को अपने मनपसंद क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा।

**धनु राशिः** स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण होगा आपके लिए नया साल अच्छे फल प्रदान करने वाला साबित होगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण होगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र से अच्छी खबर मिलेगी। विदेश या छोटी दूरी की यात्रा की योजना बन सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मकर राशिः** आपकी आमदनी बढ़ेगी के लिए यह साल शानदार रहने वाला है। जो लोग नौकरीपेशा हैं उन्हें नौकरी में और जो स्वयं का व्यापार करते हैं उन्हें व्यवसाय में बेशुमार लाभ के योग की संभावना है। यह आपके जीवन में बदलाव देखने लेकर आने वाला है। इस साल आपको आजीविका से संबंधित आय के नए स्रोत भी मिल सकते हैं, जिससे आपकी आमदनी बढ़ेगी और भविष्य के लिए संचय भी कर सकते हैं।

**कुम्भ राशिः** दोस्तों के साथ कहीं घूमने-फिरने जाएंगे यह साल आपके लिए मनोवांछित सफलता दिलाने वाला साल रहेगा। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रगति के संकेत हैं। वांछित सफलता प्राप्त करने के लिए आप अपने बड़ों से सलाह और सहयोग ले सकते हैं। नौकरी से जुड़े लोग ईमानदारी से तथा मन लगाकर काम करेंगे। पदोन्नति के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आप कहीं घूमने-फिरने जाएंगे, इससे संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मीन राशिः** आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी यह साल आपके लिए कुछ खट्टे कुछ मीठे अनुभव लेकर आएगा। आपका संपर्क नए व्यक्तियों से हो सकता है, जिनकी मदद से व्यवसाय में लाभ होगा। नौकरी कर रहे लोगों को अविश्वसनीय रूप से सफलता मिल सकती है। इस राशि के जातकों की आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लेकिन अचानक कुछ समस्याएं सामने आने से खर्च बढ़ सकता है। प्रेमी युगलों के लिए भी दिन अच्छा है।

# बांग्लादेश हो या श्रीलंका या नेपाल- सवाल वही

//सत्येन्द्र रंजन//

**बांग्लादेश में विद्रोह का जो परिणाम हुआ है, उससे अलग सूरत नेपाल में नहीं होगी, जहां अगले पांच मार्च को आम चुनाव होना है। क्या बिना ऐसी संगठित पार्टी की मौजूदगी के- जिसके पास स्पष्ट विचारधारा और सुपरिभाषित संगठन हो- कोई ऐसा परिवर्तन हो सकता है, जिससे मूलभूत ढांचा बदले और आम जन के जीवन स्तर में सुधार का मार्ग प्रशस्त हो। बांग्लादेश में अगस्त 2024 जन व्रिदोह हुआ। अगुआई छात्रों ने की, जिनके पीछे आवाम का बहुत बड़ा हिस्सा लामबंद हुआ। उन सबकी शिकायत थी कि तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद तानाशाह बन गई हैं, उन्होंने लगातार तीन आम चुनाव चुरा लिए, उनके शासनकाल में सिर्फ उनसे जुड़े लोगों का भला हो रहा है, सवाल पूछने वालों को सताया जाता है, इत्यादि।**

इन सबसे लोगों में असंतोष भरता गया और जब उसका विस्फोट हुआ, तो शेख हसीना को देश छोड़ कर भागना पड़ा। उनकी पार्टी- अवामी लीग के जो लोग देश में रह गए, उन्हें लोगों का गुस्सा झेलना पड़ा। पांच अगस्त 2024 को शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बनी अंतरिम सरकार ने अवामी लीग को प्रतिबंधित अवस्था में डाल दिया। 12 मई 2026 को हुए आम चुनाव में ये पार्टी भाग नहीं ले सकी।

उपरोक्त घटनाओं से शेख हसीना, उनके परिवार और उनकी पार्टी से नाराज लोगों को तसल्ली मिली होगी। लेकिन अब जबकि नए चुनाव के नतीजे सामने हैं, तो विवेकशील लोग यह सोचने को मजबूर होंगे कि इतनी बड़ी उथल-पुथल से आखिर हासिल क्या हुआ। दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लौटी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) में आखिर नयापन क्या है? पार्टी की स्थापना सैन्य तख्ता पलट के जरिए सत्ता में आए जनरल जियाउल रहमान ने की थी। उनकी हत्या के बाद उनकी पत्नी बेगम खालिदा जिया ने पार्टी की कमान संभाली और दो बार प्रधानमंत्री रहीं। अब उन दोनों के बेटे तारीक रहमान उस पद पर पहुंचे हैं।

तो एक राजनीतिक परिवार को भगाने का परिणाम दूसरे राजनीतिक परिवार की सत्ता में वापसी के रूप में सामने आया है। अतीत में दोनों की पार्टियां महज उन परिवारों की राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा को साधने का जरिया बनी रही हैं, जैसाकि दक्षिण एशिया के दूसरे देशों में भी होता रहा है। ये पार्टियां आर्थिक-सामाजिक निहित स्वार्थों की नुमाइंदगी करती हैं और असल में वे ही उनकी ताकत का आधार हैं। वे ताकतें अपनी राजनीतिक वफादारी वक्त के साथ बदलती रहती हैं।

शेख हसीना अगर सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया को बाधित नहीं करतीं, तो संभव है कि 2014, 2019 या 2024 के किसी आम चुनाव में सत्ता बदल के आम चलन के तहत ही बीएनपी की सरकार बन गई होती। जन विद्रोह हुआ, तो इसलिए कि शेख हसीना ने अनुचित तरीके अपना कर चुनाव के जरे सत्ता हस्तांतरण संभव नहीं होने दिया। तो क्या यह समझा जाए कि जिस जन विद्रोह में लगभग 1400 लोगों की जान गई, उसका मकसद सिर्फ बीएनपी को सत्ता में वापस लाना था। उसी बीएनपी को, जिसके पास देश को नई दिशा देने या लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने की कोई ठोस योजना नहीं रही है। असल में अपने अनुदार नजरिए और महजबी कट्टरपंथ से अपने रिश्तों के कारण अतीत में वह अवामी लीग की तुलना में कामकाजी जनता के हितों के अधिक खिलाफ नजर आई है। अब हकीकत यह है कि बांग्लादेश की सियासत कंजरवेटिव बीएनपी और धार्मिक कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के बीच बंट गई है। बहस के मुद्दे बांग्लादेश के पुराने संविधान को कायम रखने या शरिया कानून से प्रभावित अधिक इस्लामी ढंग से शासन चलाने के बीच सिमट गए हैं। क्या ऐसे ही बदलाव की आकांक्षा लिए बांग्लादेश के छात्र शेख हसीना के खिलाफ लामबंद हुए थे। ये बड़े, लेकिन बेहद आम किस्म के सवाल हैं। ये प्रश्न हर उस देश में वैसी घटना के बाद उठते हैं, जब कोई तानाशाह या आम सरकार जन-आक्रोश की भेंट चढ़ जाती है- जैसाकि पिछले सितंबर में नेपाल में और 2022 के मध्य में श्रीलंका में हुआ था।

अब बांग्लादेश में विद्रोह का जो परिणाम हुआ है, उससे अलग सूरत नेपाल में नहीं होगी, जहां अगले पांच मार्च को आम चुनाव होना है। नेपाल में पिछले सितंबर में कथित जेन-जी प्रतिरोध ने इतना भीषण रूप ग्रहण किया कि तत्कालीन केपी शर्मा ओली सरकार को इस्तीफा देना पड़ा। वहां भीड़ ने अनेक राजनेताओं की सरेआम पिटाई की और सत्ता के केंद्र एवं प्रतीक भवनों को जला दिया गया। हालांकि प्रतिरोध सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर रोक लगाए जाने के खिलाफ शुरू हुआ था, लेकिन जल्द ही उसने जारी राजनीतिक संस्कृति के खिलाफ पूर्ण विद्रोह का रूप ग्रहण कर लिया। बताया गया कि नौजवान अपने लिए फैलती अवसरहीनता के बीच राजनेताओं और उनके बाल-बच्चों की आलीशान जिंदगी से नाराज थे, जिसका खुला इज़हार उन्होंने सड़कों पर उतर कर किया।

श्रीलंका और बांग्लादेश में हुए ऐसे ही विद्रोह से नेपाल का घटनाक्रम इस मामले में ही अलग था कि वहां के सत्ताधारी राजनेता को देश छोड़ कर नहीं भागे। कुछ समय के लिए वे पृष्ठभूमि में चले गए। इस दौरान एक नया प्रयोग यह हुआ कि जेनेरेशन-जेड के उभरे चेहरों ने सोशल मीडिया ऐप डिस्कॉर्ड के जरिए नई सरकार के मुखिया का चयन किया। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की को प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। उसी कार्की सरकार की देखरेख में वहां चुनाव कराए जा रहे हैं।लेकिन चुनाव मुकाबले में फिर से वही चेहरे लौट आए हैं, जिन्हें हटाने के लिए जेन-जी और अन्य पीढ़ियों के लोगों ने उथल-पुथल मचाई थी। जो नया चेहरा सामने है, वह भी जेन-जी आंदोलन से नहीं उभरा। बल्कि उसके पहले सोशल मीडिया के जरिए बनी लोकप्रियता के आधार पर काठमांडू का मेयर बन चुका था। ये बालेन शाह हैं, जिन्होंने अपना करियर रैप म्यूजिक से निर्मित किया। रैपर के रूप में उन्होंने पारंपरिक राजनेताओं और राजनीति का मखौल उड़ाया। इससे इतनी लोकप्रियता मिली कि नेपाल की राजधानी के लोगों ने उन्हें मेयर चुन लिया। मगर किसी को यह नहीं मालूम कि बालेन शाह के पास देश के विकास एवं जन कल्याण का क्या कार्यक्रम है। उनकी विचारधारा क्या है या देश के बारे में उनकी परिकल्पना क्या है। इसके बावजूद पिछले आम चुनाव में अचानक उभरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने उन्हें प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है। इस पार्टी की कथा भी अजीब है। इसकी स्थापना 2022 में हुई। इसके संस्थापक रवि लामिछाने हैं, जो पहले एक लोकप्रिय पत्रकार और टीवी होस्ट थे। पार्टी की विचारधारा के बारे में ज्यादा कुछ मालूम नहीं है, लेकिन 2022 के आम चुनाव में उसका भ्रष्टाचार विरोधी एजेंडा लोकप्रिय हुआ, जिसे युवाओं का भारी समर्थन मिला। उस चुनाव में 21 सीटें जीत कर आरएसपी ने चौथी सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा पाया।गठबंधन की राजनीति में सत्ता का सुख भोगने के लिए इतनी सीटें काफी होती हैं, तो लामिछाने चुनाव के बाद बनी सरकार में गृह मंत्री बन गए। लेकिन उन पर सहकारी घोटाले में शामिल होने का आरोप लगा। यह मामला नेपाल में सहकारी संस्थाओं में जुड़ी वित्तीय हेरफेर और धोखाधड़ी से संबंधित था। मामला इतना भड़का कि लामिछाने को जेल जाना पड़ा। मगर जेन-जी आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने जेल पर धावा बोल कर रवि लामिछाने समेत 1500 से अधिक कैदियों को रिहा करा लिया। अब लामिछाने की पार्टी सत्ता के प्रमुख दावेदारों में शामिल होकर चुनाव लड़ रही है।चूंकि बालेन शाह की अपनी कोई पार्टी नहीं थी, तो वे आरएसपी में शामिल हो गए। चूंकि लामिछाने की छवि धूमिल हो गई थी, तो उन्होंने बालेन शाह को प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है। यानी यह सुविधा का रिश्ता है, मगर नेपाल में फिलहाल यही एक नया विकल्प है। बाकी पार्टियां वही हैं, जो राजशाही के खात्मे के बाद से सत्ता में भागीदार रही हैं। उन्होंने आपस में इतनी बार गठबंधन बनाए और तोड़े कि उसे एकबारगी से याद रखना शायद उनके लिए भी मुमकिन नहीं होगा! तो वही ओली हैं, वही पुष्प कमल दहल हैं, और वही नेपाली कांग्रेस है- हालांकि पार्टी में विभाजन के बाद गगन थापा नेपाली कांग्रेस के नेता बन चुके हैं। पांच मार्च के बाद इन नेताओं से ही कोई एक प्रधानमंत्री बनेगा।

मगर उससे नेपाल में क्या बदलेगा। राजकाज की शैली या राजनीतिक संस्कृति में क्या बदलाव आएगा। देश के विकास और लोगों के जीवन स्तर में क्या फर्क पड़ेगा। तजुर्बे के आधार पर इन सवालों की पड़ताल करनी हो, तो हम अपना ध्यान श्रीलंका की तरफ ले जा सकते हैं। श्रीलंका में 2022 में अरागलया नाम से हुए जन विद्रोह के कारण तत्कालीन राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे को सपरिवार देश छोड़ कर भागना पड़ा था। उसके बाद लगभग दो साल तक वहां एक कार्यवाहक सरकार रही। सितंबर 2024 में नया चुनाव हुआ, तो श्रीलंका में कम-से-कम इतना तो जरूर हुआ कि एक ऐसा नया चेहरा उभरा, जिसकी ठोस राजनीतिक पृष्ठभूमि थी। अनुरा कुमारा दिसानायके तब राष्ट्रपति चुने गए, जो मार्क्सवादी- माओवादी जनता विमुक्ति पेरामुना से आए हैं। उनके मौजूदा दल नेशनल पीपुल्स पॉवर को भी वामपंथी माना जाता है। इसलिए दिसानायके की जीत को एक नए और बेहतर विकल्प तलाशने की जनता की आकांक्षा का प्रतीक समझा गया था।लेकिन उनके डेढ़ साल के शासनकाल का अनुभव क्या है। श्रीलंका या उसके बाहर का शायद ही कोई मार्क्सवादी आज यह कहने की स्थिति में हो कि दिसानायके सरकार ने श्रीलंका को कोई नई दिशा दी है, अथवा उन्होंने वामपंथी सरकार चलाई है। अधिकतम उपलब्धि यही बताई जाती है कि दिसानायके प्रशासन ने देश को राजनीतिक स्थिरता प्रदान की है और सरकार से जुड़े लोगों पर अब तक भ्रष्टाचार के कोई गंभीर आरोप नहीं लगे हैं। मगर इसे किसी रूप में वामपंथी उपलब्धि के रूप में नहीं देखा जा सकता। दिसानायके ने आर्थिक नीतियों में कोई गुणात्मक या बुनियादी बदलाव नहीं किया, आईएमएफ की शर्तों के मुताबिक सरकार चलाने को सहज राजी हो गए, और इस क्रम में देश के बहुसंख्यक आवाम के जीवन स्तर में किसी बदलाव की उम्मीद उनसे नहीं बची है।दिसानायके को सिर्फ इतना श्रेय दिया जा सकता है कि उनके शासनकाल में श्रीलंका में राजनीतिक स्थिरता रही है और उन्होंने हालात को बदतर नहीं होने दिया। जबकि कई अन्य देशों का अनुभव ऐसा ही है, जहां जन विद्रोह के बाद बनी राजनीतिक व्यवस्था पहले से भी खराब साबित हुई। 2010 का दशक दुनिया में ऐसे प्रतिरोध और विरोध से भरा रहा। गौरतलब है कि 2011 में टाइम मैगज़ीन ने दि प्रोटेस्टार को पर्सन ऑफ ईयर घोषित किया था। इस चयन का कारण था कि उस वर्ष अरब स्प्रिंग, यूरोप और अमेरिका में हुए बड़े पैमाने पर जन आंदोलन हुए। अमेरिका और यूरोप में ऑक्यूपाई वॉल स्ट्रीट मूवमेंट, ट्यूनिशिया, मिस्र, और कई अन्य अरब देशों में व्यापक उथल-पुथल उस वर्ष हुई थी। ट्यूनिशिया और मिस्र में उससे तख्ता पलट भी हुआ। लेकिन आज शायद ही कोई कह सकता है कि वहां हालात पहले से बेहतर हैं। 2010 के आंदोलनों का गंभीर अध्ययन लेखक विंसेट बेविन्स ने 2023 में प्रकाशित अपनी किताब अगर हम जलेंः सामूहिक विरोध दशक और लापता क्रांति में किया है। उनके मुताबिक उस दशक में विश्वव्यापी स्तर पर जितने बड़े जन प्रतिरोध हुए, उतना संभवतः इतिहास में कभी नहीं हुआ।मगर बेविन्स की दलील है कि विशाल पैमाने के बावजूद ज्यादातर आंदोलन अपने घोषित मकसदों को पाने में नाकाम रहे। टिकाऊ लोकतंत्र स्थापित करने या क्रांतिकारी बदलाव लाने के बजाय वे उथल-पुथल का जरिया भर बन कर रहे गए। आंदोलन थमने के बाद कई देशों में अधिक क्रूर तानाशाहियां कायम हुईं।बेविन्स ने कहा है कि नेता-विहीन, विकेंद्रित और डिजिटल माध्यमों से आयोजित आंदोलन एक समय मजबूत दिख सकते हैं, लेकिन वे अपने उद्देश्य तक नहीं पहुंच पाते। यानी निष्कर्ष यह है कि बिना सुसंगठित ढांचे और स्पष्ट नेतृत्व के या तो आंदोलन बिखर जाते हैं या फिर उन्हें संगठित निहित स्वार्थी राजनीतिक ताकतें हथिया लेती हैं। श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल की घटनाओं की चर्चा बेविन्स की किताब में नहीं है, लेकिन हम आसानी से उन्हें भी उनके निष्कर्ष की पुष्टि करने वाले अन्य घटनाक्रम के रूप में देख सकते हैं।

# ट्रंप और राहुल का बदलते भारत को देखने का दृष्टिकोण एक जैसा

//बलबीर पुंज//

**राहुल कांग्रेस की उस व्यवस्था से आते हैं, जिसमें भारतीय परंपरा-स्वाभिमान उत्सव का नहीं, बल्कि तथाकथित पिछड़ेपन, उत्पीड़न और महिला-विरोध का प्रतीक माना जाता है। दशकों तक भारतीय संस्कृति के प्रति हीन-भावना रखने वालों को मतदाता लगातार खारिज कर रहे है। समय कई बार ऐसी चौंकाने वाली समानताएं हमारे सामने रख देता है, जो राजनीति-जीवन को नए तरीके से समझने का अवसर देती हैं। आज की उथल-पुथल भरी वैश्विक राजनीति में दो ऐसे व्यक्तित्व— अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और देश के नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी— दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय होने के बावजूद दोनों का बदलते भारत को देखने का दृष्टिकोण लगभग एक जैसा हैं। यह इसलिए भी ज्यादा हैरान करने वाला है, क्योंकि ट्रंप विदेशी है और राहुल भारत के शीर्ष नेताओं में एक। दोनों ही उस नए भारत से असहज हैं, जो अपनी जड़ों से जुड़कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए बिना किसी हीनभावना के दुनिया से अपनी शर्तों पर आत्मविश्वास के साथ संवाद कर रहा है।**

एक ओर ट्रंप के रूप में वह दृष्टिकोण है, जो केवल लेन-देन पर आधारित है और वैश्विक व्यवस्था में अपनी धमक बरकरार रखने के लिए प्रयासरत है। वहीं राहुल एक ऐसे राजनीतिक वंश का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने स्वतंत्र भारत की सत्ता को अपनी विरासत मानकर पश्चिमी स्वीकृति को ही कूटनीतिक सफलता का पर्याय समझा है। ट्रंप द्वारा भारत को मृत अर्थव्यवस्था कहना कोई साधारण कूटनीतिक चूक नहीं थी। दरअसल, यह उस मानसिकता की झलक थी, जिसमें किसी राष्ट्र की ताकत को उसकी स्वतंत्र नीतियों से नहीं, बल्कि वह कितना 'हां में हां मिलाता है'– उस पैमाने पर आंका जाता है। ट्रंप के सहयोगियों द्वारा भारत को रूस का लॉन्ड्रोमैट बताना और रूसी तेल खरीद के मुद्दे पर ब्राह्मण समाज को निशाना बनाना– महज आर्थिक टिप्पणियां नहीं थीं, बल्कि कुटिल औपनिवेशिक चिंतन की परछाई थी।

लोकतंत्र में आलोचना स्वाभाविक है। लेकिन यह चिंताजनक तब हो जाता है, जब देश का कोई प्रमुख नेता बाहरी पूर्वाग्रहों को अंतिम सत्य मानकर उसे दोहराने लगता है। राहुल द्वारा ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था कथन का समर्थन– मोदी सरकार की आलोचना नहीं, बल्कि औपनिवेशिक मानसिकता का उदाहरण है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम में अमेरिकी मध्यस्थता के ट्रंप के दावे को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री पर नरेंद्र-सरेंडर जैसी टिप्पणी कर दी, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से साफ इनकार कर चुका था, जिसकी पाकिस्तान भी गवाही देता है। निसंदेह, सशक्त विपक्ष के बिना लोकतंत्र अधूरा है। लेकिन अपने ही देश के खिलाफ बाहरी आरोपों को प्रामाणिक मानकर पेश करना खतरनाक प्रवृत्ति है। भारत इसी परतंत्र मानसिकता के कारण शताब्दियों तक विदेशी आक्रांताओं के अधीन रहा था। बात राहुल के वक्तव्यों तक भी सीमित नहीं है। वे संसद जैसी गंभीर संस्था को अपने आचरण से कई बार उपहास का विषय बना चुके है। हाल ही में लोकसभा में उन्हें जनरल (सेवानिवृत्त) मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा से उद्धरण देने– जो न तो सार्वजनिक है और न ही रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वीकृत– से संसदीय नियमों के तहत रोका गया। उन्होंने संसदीय परंपराओं का सम्मान करने के बजाय इसे संसदीय कार्यवाही में व्यवधान डालने का मुद्दा बना लिया। बार-बार के स्थगन, लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव और योजनाबद्ध टकराव को लोकतांत्रिक प्रतिरोध का नाम दिया गया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह भी खुलासा किया कि संसद में चर्चा के समय प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई अप्रिय हरकत करने की कोशिश की जा रही थी।

राहुल की यह 'अराजक' शैली नई नहीं है। 2018 में लोकसभा में प्रधानमंत्री को जबरन गले लगाने के बाद अपने सहयोगियों को आंख मारने की घटना आज भी जेहन में ताजा है। नाटकीयता गंभीर राजनीति का पर्याय नहीं हो सकती, वह संस्थागत गरिमा को आहत करती है। संसद परिसर में केंद्रीय मंत्री का जबरन हाथ पकड़कर संयुक्त प्रेस वार्ता का प्रयास भी इसी मानसिकता का विस्तार था। जाने-अनजाने में राहुल देशविरोधियों के हाथों में भी खेलने लगते है। सितंबर 2024 की अमेरिका यात्रा के दौरान उन्होंने दावा किया कि भारत में सिख समुदाय की पहचान खतरे में है। इस बयान को खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नून ने अपने एजेंडे के समर्थन में तुरंत लपक लिया। इससे पहले वर्ष 2023 में राहुल द्वारा ब्रिटेन यात्रा के दौरान दिए गए वक्तव्यों का आशय था कि भारत में लोकतंत्र समाप्त हो चुका है और उसे बचाने के लिए 'पश्चिमी हस्तक्षेप' अपेक्षित है। अक्सर, विदेशों में दिए गए ऐसे वक्तव्य घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं रहते और वे भविष्य में देश के शत्रुओं के प्रचार-तंत्र का हथियार बन जाते है।राहुल इस तरह का व्यवहार क्यों करते है। क्या इसलिए कि वे 'विशेषाधिकार की भावना' से ग्रस्त है? क्या वे मानते है कि केवल उन्हें ही अपने मुताबिक 'लोक' (जनमानस) और 'तंत्र' (मीडिया-न्यायालय सहित) चलाने का 'दैवीय अधिकार' है। असल में उनका यह चिंतन न तो 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद पनपा है और न ही यह भाजपा-आरएसएस तक सीमित है। 27 सितंबर 2013 को उन्होंने अपनी ही केंद्र सरकार के एक अध्यादेश को बकवास बताते हुए उसे सार्वजनिक रूप से फाड़कर फेंक देने की बात कही थी।

## तस्वीरों की दुनिया



एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की कथित हत्या पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मदुरै के तिरुप्परनकुंड्रम में अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।




मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हैदराबाद में यूएस-इज़राइल हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की कथित हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन्य जीव संरक्षण अभियान अंतर्गत श्योपुर की कूनो नदी में घड़ियाल छोड़ें।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन्य जीव संरक्षण अभियान अंतर्गत श्योपुर की कूनो नदी में कछुए छोड़ें।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के मदुरै में कई प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन और शिलान्यास के मौके पर भाषण दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के मदुरै में कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

# मुस्लिम आर्मी मेहदी मॉडरेटर संगठन से जुड़े हैं हमलावर कैसे तैयार हुई यूट्यूबर सलीम पर हमले की स्क्रिप्ट?

**साहिबाबाद, 02 मार्च [एजेंसी]।**

मजहबी कट्टरपंथी और कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले सलीम अहमद पर हमला कट्टरपंथी संगठन मुस्लिम आर्मी मेहदी मॉडरेटर से जुड़े लोगों ने किया था। मुठभेड़ में मारा गया आरोपी कुछ मजहबी संगठनों की बयानबाजी से प्रभावित था और कट्टरपंथी संगठन से जुड़ा हुआ था। जांच में आया है कि जीशान अपना एक सोशल मीडिया पर चैनल चलाता था, साथ ही वह कट्टरपंथी संगठन मुस्लिम आर्मी मेहदी मॉडरेटर से जुड़ा था। हमलावर पाकिस्तानी युट्यूबर की अपील पर जुटे थे। इसके साथ ही सलीम ने हमले से तीन दिन पहले अपने चैनल पर हलाला को लेकर एक बयान दिया था। हमलावर इस बयान से भी नाराज थे। हमले के पीछे मुख्य वजह ये बयान बताया जा रहा है। इसके अलावा जांच में आया है कि जीशान अपना एक चैनल चलाता था और इस चैनल के माध्यम से वह कट्टरपंथ को बढ़ावा देता था। पाकिस्तान यूट्यूबर की अपील से इन्हें बढ़ावा मिला और यह हमले की तरफ आगे बढ़े। कश्मीर के बहिष्कार और कश्मीरी कट्टरपंथियों के खिलाफ बयानबाजी से नाराज थे।दैनिक जागरण ने ये अंदेशा जताते हुए पहले ही खबर प्रकाशित कर दी थी। खबर सच साबित हुई है। घटना वाले दिन गुलफाम बाइक पर था, जबकि जीशान ने बाइक से उतरकर सलीम पर वार किए। पुलिस



की इस कार्रवाई के पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दी गई चेतावनी को मुख्य वजह माना जा रहा है। घटना के बाद ही मुख्यमंत्री ने सख्त चेतावनी देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही थी।आरोपी एक कथित कट्टरपंथी संगठन के टेलीग्राम ग्रुप पर जुड़े हैं। इस ग्रुप पर 18,200 मेंबर जुड़े हुए हैं। ग्रुप पर सलीम का गला कटा एक फोटो वायरल किया गया था और लिखा गया था कि सलीम एक्स मुस्लिम को अस्पताल पहुंचा दिया गया है, वीडियो चाहिए फुल, इसके साथ ही सलीम का एक पर्सनेलिटी फोटो डालकर लिखा गया था कि एक्स मुस्लिम सलीम इलाज वीडियो सून।वहीं, इन दोनों पोस्ट को बड़ी संख्या में ग्रुप के सदस्यों ने लाइक किया और कमेंट किए। हमलावरों ने सिर तन से जुदा करने का ऐलान करने के बाद वारदात को अंजाम दिया। जिस तरह से गले पर वार किया गया वह सिर को धड़े से अलग करना चाहते थे लेकिन शोर-शराबा होने पर वह कामयाब नहीं हो सके और मौके से फरार हो गए। इनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है ये अनाड़ी बताए गए हैं।पता चला है कि हमले वाले दिन दोनों तड़के ही लोनी पहुंच गए थे। वह सलीम के पीछे घर से ही लगे थे और उसके साथ ही नमाज पढ़ने वाले स्थल तक पहुंचे।

यहां से सलीम के पीछे ही वह कार्यालय तक आए और यहां बाइक से उतरकर हमला किया। इससे पहले दोनों ने नमाज भी पढ़ी थी। जांच एजेंसियों की जांच में आया है कि सलीम पर हमला उदयपुर में कन्हैया लाल और लखनऊ में कमलेश तिवारी की तर्ज पर हुआ। कमलेश व कन्हैया पर भी वैचारिक मतभेद के चलते कट्टरपंथियों ने हमला किया और इन दोनों पर हमले का दिन शुक्रवार चुना गया। सलीम पर हुए हमले में भी आरोपियों ने रमजान माह और शुक्रवार यानी जुमे का दिन चुना। सलीम पर भी कन्हैया व कमलेश की तरह ही ताबड़तोड़ वार किए गए।पाकिस्तानी यूट्यूबर मोहम्मद हमाद बरकती, जिसने सलीम वास्तिक को हत्या की धमकी दी थी। एक और इंस्टाग्राम वीडियो जांच एजेंसियों के हाथ लगा है। हालांकि, बरकती इस वीडियो को अपने अकाउंट से डिलीट कर चुका है।इस वीडियो में उसने गाजियाबाद के चार हिंदूवादी नेताओं का फोटो लगाकर इनकी हत्या की धमकी भी दी है। उसने कहा है कि जो हाल सलीम का किया गया है, उससे बुरा हाल इन चारों का किया जाएगा।

# खामेनेई की हत्या के विरोध में देशभर में प्रदर्शन काली पट्टी बांधकर सड़कों पर उतरे लोग



**इजरायल।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के विरोध में उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, बिहार और झारखंड समेत विभिन्न राज्यों में लोगों ने प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है। राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर पर आयोजित शोक सभा में बड़ी संख्या बच्चे और महिलाएं भी शामिल हुईं। खामेनेई की तस्वीरें लिए लोगों ने लोगों ने बांह और माथे पर काली पट्टी बांध रखी थी।ओखला समेत कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए तो जोरबाग स्थित कर्बला में कैंडल मार्च निकाला गया। ईरान सांस्कृतिक केंद्र में भी शोक सभा हुई, जिसमें भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जमात-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआहतुल्लाह हुसैनी ने खामेनेई की मौत की कड़ी निंदा की। पुराने लखनऊ में मुसलमान समुदाय ने दुकानें बंद कर दीं।हिंदू व्यापारियों ने भी समर्थन में दुकानें नहीं खोलीं। चौक में छोटे इमामबाड़े में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि शोक के दौरान तीन दिनों तक हम सभी काले कपड़े पहनें। अपने घरों पर काले पर्चे लहराएं। खामेनेई के लिए फातिहा पढ़ें और नज्र करें। पूरे कश्मीर में रविवार को प्रदर्शन हुए। विभिन्न धार्मिक संगठनों के मंच मुताहिदा मजलिस-ए-उलेमा ने सोमवार को कश्मीर बंद का आह्वान किया है। सरकार ने दो और तीन मार्च को कश्मीर में सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बंद रखने का आदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वह ईरान में हुए घटनाक्रम से वह बेहद चिंतित हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस और प्रशासन से संयम बरतने को कहा है। पंजाब के मालेरकोटला में मुस्लिम समुदाय ने रोष मार्च निकाला। दीनी मरकज जामा मस्जिद लुधियाना के बाहर बड़ी संख्या में मुस्लिमों ने प्रदर्शन किया। बिहार के शेखपुरा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में शिया समुदाय के साथ बड़ी संख्या में सुन्नी समुदाय के लोग भी शामिल हुए। रांची के कर्बला चौक पर प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग शामिल थे।

## पहली बार पूरी तरह डिजिटल होगी जनगणना प्रगणक घर-घर जाकर पूछेंगे 33 जरूरी सवाल



**बहराइच।** कोरोना महामारी के कारण छह साल की देरी से होने वाली जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गणना इस बार पारंपरिक कागजों के बजाय पूरी तरह डिजिटल होगी। पिछले हफ्ते लखनऊ से आए दो प्रशिक्षक जिले के अधिकारियों को प्रशिक्षित भी कर चुके हैं। पहले चरण में घरों की गणना की जाएगी। हर घर को एक यूनिक पहचान मिलेगी। पहली बार जनगणना में हर घर को एक विशिष्ट डिजी डाट टैग दिया जाएगा, जो भविष्य में मकान की डिजिटल पहचान बनेगा। पूरी प्रक्रिया दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में घरों की गणना 22 मई से 20 जून तक चलेगी। इसमें मकानों की स्थिति और सुविधाओं की जानकारी ली जाएगी। द्वितीय चरण में जनगणना एक फरवरी 2027 से शुरू होगी, जिसमें परिवार के सदस्यों की विस्तृत जन सांख्यिकीय जानकारी जुटाई जाएगी। जनगणना के लिए प्रगणक घर-घर जाकर कुल 33 महत्वपूर्ण सवाल पूछेंगे। यदि नागरिक प्रगणक के आने का इंतजार नहीं करना चाहते तो पोर्टल पर स्व-गणना का विकल्प भी है। दोनों चरणों के शुरू होने से 15 दिन पहले पोर्टल खोला जाएगा, जहां नागरिक अपना और परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे।

भविष्य में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और डाक सेवाओं को घर ढूंढने में आसानी होगी। एक ही मकान की दो बार गणना (डुप्लीकेसी) की गुंजाइश खत्म होगी। वहीं इससे बिजली, पानी और सीवर आदि सुविधाओं की योजना में सटीक डेटा मिलेगा। जनगणना में पहली बार इस्तेमाल होने वाला डिजी डाट डिजिटल नंबर या स्मार्ट टैग है। यह आपकी भौगोलिक स्थिति को घर के पते से जोड़ देगा। यह यूनिक डिजिटल आईडी होगी जो हर मकान को आवंटित की जाएगी। प्रगणक मोबाइल एप से घर की लोकेशन लाक करेंगे, जिससे मैप पर एक डिजिटल बिंदु (डाट) बन जाएगा।

# खामेनेई की मौत के बाद लखनऊ में शिया समुदाय ने बड़े पैमाने पर किया प्रदर्शन, फूंके ट्रंप और नेतन्याहू के पुतले



**लखनऊ, 02 मार्च [एजेंसी]।**

अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के विरोध में शिया समुदाय के लोगों ने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। रविवार को बाद को खामेनेई की मौत की खबर की पुष्टि के बाद से ही इमामबाड़ा, चौक आदि जगहों पर शिया समुदाय के लोग जुटे और प्रदर्शन किया, मार्च निकाला। शाम को हजारों लोगों ने इमामबाड़ा, रूमी गेट, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा और अकबरी गेट के आसपास प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पुतले फूंके। महिलाओं ने मोमबत्ती लेकर कैंडल मार्च निकाला। इससे पहले दोपहर में पुराने लखनऊ दुकानें बंद कर दी गईं। हिंदू व्यापारियों ने भी समर्थन में दुकानें नहीं खोलीं। ऑल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है। चौक में छोटे इमामबाड़े में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। प्रदर्शनकारी खामेनेई की मौत से बेहद आक्रोशित और भावुक थे।खामेनेई की हत्या को मुस्लिम उलमा ने शहादत करार दिया। शिया उलमा ने मातम के साथ विरोध करने का आह्वान लोगों से किया है। चौक में बड़ी संख्या में एकजुट हुए लोगों के समर्थन में व्यापारी भी खड़े नजर आए। दरगाह-हजरत अब्बास रोड सहित चौक की कई गलियां सूनी रहीं। लोगों ने दुकानें नहीं खोलीं।ऐसे में खरीदार भी नहीं निकले। आसपास के कुछ लोग सामान लेने के आए भी तो उन्हें वापस जाना पड़ा। चौक में मार्च के साथ मातमी गीत गूंजे। लोगों ने या हुसैन... या हुसैन... के नारे लगाए। इसके बाद कर रहा हूं आखिरी सजदा... जैसे गम भरे गीत भी गूंजे।

इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर ऐसे नारों की बाढ़ है। ऑल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड की ओर से तीन दिनों के शोक के एलान के बाद शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने भी इस संबंध में अपील की। कहा कि तीन दिनों तक हम सभी काले कपड़े पहनें। अपने घरों पर काले पर्चे लहराएं।खामेनेई के लिए फातिहा पढ़ें और नज्र करें। रविवार शाम करीब सात बजे हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग जुटे। हुसैनाबाद और आसपास के इलाके में सुरक्षा के मद्देनजर दुकानें बंद करा दी गईं।

हाथों में मोमबत्ती, खामेनेई के पोस्टर लेकर लिए लोग छोटे इमामबाड़े के पास एकत्रित हुए। सुरक्षा के मद्देनजर डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव पीएसी और आरएएफ के साथ मौजूद रहे। ड्रोन से प्रदर्शन की निगरानी की गई।खामेनेई की हत्या सदी की सबसे खौफनाक खबर है। बुजदिलों ने उन्हें शहीद कर दिया। देशभर के मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ विरोध जताएं। इंसानियतपरस्त अन्य लोग भी इसमें शामिल हों।

अंबाला में होली पर पुलिस का कड़ा पहरा

## 800 से ज्यादा जवान रहेंगे तैनात सादे कपड़ों में घुमेगी इंटेलिजेंस टीम

**अंबाला ।** रंगों का त्योहार होली, जो खुशियों और भाईचारे का प्रतीक है, इस बार अंबाला में हुड़दंगियों के लिए महंगा साबित हो सकता है। अंबाला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि रंगों का आनंद लें, लेकिन कानून की सीमाओं के भीतर रहकर। जिला पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में एक अभेद्य सुरक्षा चक्रव्यूह तैयार किया गया है, जिससे शहर के हर कोने पर पुलिस की नजर रहेगी। इस बार सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी और व्यावहारिक दोनों स्तरों पर मजबूत किया गया है। जिले भर में 70 विशेष पुलिस नाके स्थापित किए गए हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य शराब पीकर वाहन चलाने वालों, स्टंट करने वाले युवाओं और ट्रिपल राइडिंग करने वालों पर नकेल कसना है। इस सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए 800 से अधिक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। ये जवान न केवल मुख्य चौराहों पर मुस्तैद रहेंगे, बल्कि संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त भी करेंगे। इस बार की सुरक्षा व्यवस्था की एक विशेषता यह है कि पुलिस की उपस्थिति को अदृश्य रखा जाएगा। अक्सर हुड़दंगी पुलिस की वर्दी देखकर रास्ता बदल लेते हैं, लेकिन इस बार पुलिस ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। खुफिया विभाग और सीआईए के दर्जनों कर्मचारी सादे कपड़ों में भीड़भाड़ वाले बाजारों, पार्कों और मोहल्लों में तैनात रहेंगे। ये अदृश्य सिपाही आम जनता के बीच रहकर शरारती तत्वों की पहचान करेंगे। यदि किसी ने महिलाओं के साथ बदतमीजी की या जबरन रंग डालने की कोशिश की, तो सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें मौके पर ही दबोच लेंगे।

इसके साथ ही सीआईए की आठ विशेष टीमें लगातार गश्त पर रहेंगी। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। पीसीआर और राइडर की टीमें शहर के मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों में लगातार गश्त करेंगी। पुलिस लाइन में एक रिजर्व फोर्स को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना या आपात स्थिति की सूचना मिलते ही अतिरिक्त कुमक तुरंत मौके पर भेजी जा सके।

### बंगाल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा: अमित शाह राजनाथ सिंह सहित कई दिग्गज दिखाएंगे हरी झंडी

**कोलकाता।** बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्रा को सोमवार को दूसरे दिन पांच और जगहों से भाजपा के कई दिग्गज नेता हरी झंडी दिखाएंगे। नौ में से रविवार को चार स्थानों से बड़ी जनसभाओं के साथ भाजपा ने राज्य में 5,000 किलोमीटर लंबी परिवर्तन यात्रा शुरू की। सोमवार को बांकी जिन पांच जगहों से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत होगी, उसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दक्षिण 24 परगना जिले के रायदिघी में दोपहर में विशाल जनसभा के बाद यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उसी समय हावड़ा के आमता में जनसभा के बाद परिवर्तन यात्रा को झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बर्दमान के हासन विधानसभा क्षेत्र में जनसभा के बाद यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। वहां मिथुन चक्रवर्ती मौजूद रहेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली से जबकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन उत्तर दिनाजपुर जिले के इस्लामपुर से परिवर्तन यात्रा को दोपहर में झंडी दिखाएंगे। इससे पहले नितिन नवीन ने रविवार को कूचबिहार जिले के रासमेला मैदान में जनसभा के बाद परिवर्तन यात्रा को झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया। होली त्योहार पर तीन और चार मार्च को यात्रा स्थगित रहेगी। यह परिवर्तन यात्रा राज्य के 294 में से 250 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। 15 मार्च को कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में मेगा रैली के साथ इसका समापन होगा, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे।

# ईरान-इजरायल युद्ध से गाजियाबाद के उद्योगों पर संकट, निर्यात कारोबार को बड़ा झटका



**गाजियाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच पिछले डेढ़ महीने से चली आ रही तनातनी के बाद अब ईरान और इजरायल के बीच शुरू हुए युद्ध ने गाजियाबाद के उद्यम और निर्यात कारोबार पर असर ड़ाला है।जनपद के उद्यमी इसे निर्यात-आयात के लिए बड़ा झटका बता रहे हैं। युद्ध के कारण ईरान सहित उसके रास्ते जुड़े करीब 18 देशों में होने वाला व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। जिले से निर्यात होने वाला माल पहले मुंबई बंदरगाह भेजा जाता है, जहां से शिप के जरिए ईरान होते हुए इंडोनेशिया, मलेशिया, मिस्र, तुर्की सहित लगभग डेढ़ दर्जन देशों तक पहुंचता है।पहले ही अंतरराष्ट्रीय तनाव के चलते निर्यात घट चुका था, लेकिन अब युद्ध शुरू होने से इन देशों में फिलहाल निर्यात और आयात पर विपरीत असर पड़ना तय है।उद्यमियों के अनुसार, इससे जिले के इंजीनियरिंग गुड्स, टैक्सटाइल, मांस और फूड एग्रो प्रोडक्ट उद्योग को भारी नुकसान होने का अनुमान है। निर्यात में करीब 40 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। पहले से ही चार वर्षों से चल रहे यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण निर्यात कमजोर पड़ा है। ऐसे में यह नया संकट उद्योगों की कमर तोड़ सकता है। ईरान और इजरायल युद्ध सिर्फ दो देशों के बीच सिमटकर रहने वाला नहीं है। इससे पूरे मिडिल ईस्ट के देशों को होने वाला करीब 40 प्रतिशत आयात-निर्यात प्रभावित होगा। इससे भुगतान और माल की सप्लाई बाधित होगी। इसका असर आम वस्तुओं पर भी पड़ेगा, जिससे महंगाई में बढ़ोतरी हो सकती है। नीरज सिंघल, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष आइआइएयुद्ध अगर बढ़ा तो इसका असर पूरे विश्व में दिखाई दिसे आसमानी और समुद्री मार्ग बंद होने से सप्लाई चेन बाधित होगी। यह बेहद ही मुश्किल वक्त है अभी शनिवार और रविवार को मार्केट बंद होने पर इसका असर नहीं दिखा है, लेकिन सोमवार में मार्केट खुलने पर कमोडिटी और बिजनेस पर इसका असर दिखाई देगा। अभी से चिप और आइसी के दाम दो से तीन गुणा तक बढ़ा दिए गए। संजीव सचदेवा, महासचिव इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशनयुद्ध की स्थिति में अभी फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। आने वाले समय में इसका असर समुद्री मार्ग पर भी पड़ेगा। फ्लाइट कैंसिल होने से ही इलेक्ट्रानिक कंपोनेंट के दाम बढ़ने लगे हैं। समुद्री रास्ते बंद होने पर इसके दाम आसमान छू लेंगे।

# लखीमपुर खीरी में मूक-बधिर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**लखीमपुर, 02 मार्च [एजेंसी]।**

एक गांव में रिश्तेदारी में आई थारू जनजाति की मूक बाधिर किशोरी संग सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित मुस्लिम समुदाय दोनों युवकों ने घर के बाहर लगे टेंट से ले जाकर एक गन्ने के खेत में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। बच्ची की चीख सुनकर पहुंचे लोगों ने दोनो को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना देने के दौरान आरोपित युवक भीड़ को चकमा देकर गन्ने के खेत में घुसकर भाग गए। सूचना पर पहुंची कई थानों की पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्य आरोपित भागने में सफल रहा। घायल आरोपित को निघासन सीएची में भर्ती कराया गया है। उधर, मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की हैं। घरवालों के मुताबिक मूकबधिर बालिका रिश्तेदारी में आई थी, जो शनिवार रात घर के बाहर लगे टेंट में मौजूद थी।इस दौरान गांव निवासी जावेद और छोटू किशोरी को बहला फुसलाकर 50 मीटर दूर स्थित एक गन्ने के खेत में लेकर गए और वहां पर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। ग्रामीणों के मुताबिक टेंट के पीछे शौंच गई एक महिला ने बच्ची की चीख सुनकर इसकी जानकारी टेंट में मौजूद लोगों को दी। इस पर इकठ्ठा हुए घरवालों और ग्रामीणों ने मौके पर जाकर दोनो आरोपितों को पकड़ कर पुलिस को सूचना देने लगे।

इस बीच आरोपित भीड़ को चकमा देकर गन्ने के खेत में घुसकर भाग गए। मामला दो समुदायों का होने से हरकत में आई कई थानों की पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर घेराबंदी कर दी। उधर, एसडीएम राजीव निगम, सीओ शिवम कुमार ने पीड़ित किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। रात करीब 12 बजे गांव पहुंची एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने घटना की जानकारी लेकर आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।इसके बाद पुलिस ने एक आरोपित जावेद को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया, जबकि छोटू भागने में सफल रहा। दाहिने पैर में गोली लगने से घायल जावेद का इलाज सीएचसी निघासन में हो रहा हे।आरोपितों के मुस्लिम समुदाय के होने के कारण गांव में पुलिस बल तैनात है। रविवार की सुबह घटना स्थल पर पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने क्लेशहरण तिराहे पर चक्का जाम कर नारेबाजी करने लगे। हिंदू संगठनों के लोग और घरवाले आरोपितों के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई करने की मांग करने लगे। इस दौरान काफी देर तक हंगामा होता रहा। सीओ शिवम कुमार व एसडीएम निघासन राजीव निगम ने आश्वासन दिया कि फ़रार अभियुक्त को दो दिन के अंदर हिरासत में ले लिया जाएगा और इनके घरों पर बुलडोजर की कार्रवाई भी की जाएगी। तब जाकर जाम खुलाअपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# खामेनेई की मौत के बाद अलीरेजा अराफी को मिली ईरान की कमान, काउंसिल ने बनाया सुप्रीम लीडर



**इजराइल, 02 मार्च [एजेंसी]।**

अमेरिका-इजराइल हमलों में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अलीरेजा अराफी को ईरान की लीडरशिप काउंसिल में नियुक्त किया गया है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, सीनियर ईरानी नेता अलीरेजा अराफी को रविवार को ईरान की लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बनाया गया है।अलीरेजा अराफी को लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बनाने का मतलब है कि अराफी तब तक सुप्रीम लीडर की भूमिका निभाएंगे, जब तक असेंबली नए लीडर का चुनाव नहीं कर लेती। अमेरिका और इजरायल ने साथ मिलकर ईरान पर हमला किया है। ईरान में कई जगह मिसाइलों से हमले किए गए। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिनों के शोक का एलान किया गया है।अलीरेजा अराफी एक मौलवी और गार्डियन काउंसिल के मेंबर हैं। प्रेसिडेंट मसूद पेजेशकियन और चीफ जस्टिस गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई के साथ काउंसिल में शामिल हो गए हैं, जो तब तक सुप्रीम लीडर के काम संभालती है, जब तक कि एक्सपर्ट्स की असेंबली उनका उत्तराधिकारी नहीं चुन लेती। सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने अमेरिका और इजरायल पर हमले किए। ईरान ने सात देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागी। ईरान ने इजरायल पर एक के बाद एक कई हमले किए।

# पीएम मोदी ने यूएई हमलों की निंदा की, भारतीय समुदाय की सुरक्षा पर प्रेसिडेंट अल नाहयान को धन्यवाद



**नई दिल्ली 02 मार्च ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और खाड़ी देशों के साथ एकजुटता दिखाई। उन्होंने वहां रहने वाले भारतीय समुदाय का ध्यान रखने के लिए प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को धन्यवाद दिया।एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने UAE प्रेसिडेंट से बात की और मुश्किल समय में भारत का समर्थन जताया। उन्होंने कहा, UAE पर हमलों की कड़ी निंदा की और इन हमलों में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया। भारत इस मुश्किल समय में UAE के साथ एकजुटता से खड़ा है। भारत तनाव कम करने और इलाके में शांति, सुरक्षा और स्थिरता का समर्थन करता है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, पिछले दो दिनों में यूएई में ईरानी हमलों में तीन लोगों की मौत और एक भारतीय नागरिक समेत 58 लोगों के घायल होने के बाद इलाके में बढ़ते तनाव के बीच यह मदद की गई है। यूएई में 3.5 मिलियन से ज्यादा भारतीय रहते हैं। UAE में भारतीय दूतावास ने कहा कि वह घायल भारतीय के बारे में हॉस्पिटल अधिकारियों के संपर्क में है। मिशन ने सोशल मीडिया अपडेट में कहा, भारतीय नागरिक खतरे से बाहर है। हम हर मुमकिन मदद कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि घायलों में पाकिस्तानी, नेपाली और बांग्लादेशी जैसे कई देशों के प्रवासी शामिल हैं। UAE के रक्षा मंत्रालय ने भी बड़ी संख्या में आने वाले खतरों को रोकने की खबर दी है, जिसमें कहा गया है कि उसने 165 बैलिस्टिक मिसाइलों में से 152 को नष्ट कर दिया और 541 ईरानी ड्रोन में से 506 को मार गिराया। इस बीच, अबू धाबी में US दूतावास और दुबई में US कॉन्सुलेट ने अपने कर्मचारियों को वहीं रहने की सलाह दी है।

# नींबू से बनाए जा सकते हैं ये व्यंजन, होते हैं खट्टे-मीठे और लजीज

**नींबू एक ऐसा फल है, जो भारतीय खान-पान में खास तौर से शामिल होता है। यह न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह व्यंजनों के स्वाद को भी बढ़ा देता है। नींबू में विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल होते हैं, जो शरीर को ताजगी और ऊर्जा प्रदान करते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे अनोखे और आसान व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप नींबू का इस्तेमाल करके बना सकते हैं।**

### नींबू की चटनी



नींबू की चटनी एक बेहतरीन साइड डिश है, जिसे आप किसी भी समय बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए आपको ताजा नींबू, पुदीना, हरी मिर्च, नमक और थोड़ी-सी चीनी चाहिए होगी। इन सभी सामग्रियों को मिलाकर मिक्सर में पीस लें। यह चटनी न केवल आपके खाने को स्वादिष्ट बनाती है, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन-सी आपके शरीर की रक्षा प्रणाली को भी मजबूत करता है। इसे आप पराठे या चावल के साथ खा सकते हैं।

### नींबू का रायता



गर्मियों में ठंडा-ठंडा रायता खाना किसे पसंद नहीं होता? नींबू का रायता बनाना भी बहुत आसान है। इसके लिए आपको दही, कद्दूकस किए हुए नींबू के छिलके, भुना जीरा पाउडर, नमक और काला नमक चाहिए होगा। सभी सामग्रियों को मिलाकर अच्छे से फेंट लें। यह रायता न केवल आपके खाने को संतुलित करता है, बल्कि इसमें मौजूद अच्छे बैक्टीरिया आपके पेट के लिए भी फायदेमंद होते हैं। इसे आप बिरयानी या पुलाव के साथ परोस सकते हैं।

### नींबू की मुरब्बा



नींबू की मुरब्बा एक पारंपरिक मिठाई है, जिसे लंबे समय तक रखा जा सकता है। इसे बनाने के लिए छोटे-छोटे कटे हुए नींबू, चीनी, पानी और कुछ मसाले जैसे इलायची या दालचीनी का इस्तेमाल किया जाता है। इस मुरब्बे को आप नाश्ते में या खाने के बाद खा सकते हैं। यह आपके पेट को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है और विटामिन-सी का अच्छा स्रोत होता है। इसमें आप अन्य मसाले भी शामिल कर सकते हैं।

### नींबू की सब्जी



सब्जी में नींबू का इस्तेमाल करना थोड़ा नया है, लेकिन इसका स्वाद बहुत अच्छा आता है। इसके लिए आपको आलू, टमाटर, प्याज, अदरक-लहसुन का पेस्ट, हल्दी, धनिया पाउडर और ताजे नींबू का रस चाहिए होगा। सभी मसालों को भूनकर उसमें कटे हुए आलू और टमाटर डालें, फिर ऊपर से नींबू का रस डालकर पकने दें। यह सब्जी रोटी या चावल, दोनों के साथ अच्छी लगती है और खट्टे-मीठे स्वाद वाली होती है।



### नींबू की बर्फी

मीठे के शौकीनों के लिए नींबू की बर्फी एक बेहतरीन विकल्प होगी। इसे बनाने के लिए आपको खोया, चीनी, इलायची पाउडर और कद्दूकस किए हुए नींबू के छिलके की जरूरत पड़ेगी। खोया को भूनकर उसमें चीनी मिलाएं, फिर इलायची पाउडर और नींबू के छिलके डालकर मिलाएं। इस मिश्रण को थाली में फैलाकर ठंडा होने दें, फिर काटकर बर्फी बनाएं। यह मिठाई न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं।

# रसोई के दराजों को साफ-सुथरा रखने के लिए अपनाएं तरीके

रसोई का दराज इसका एक अहम हिस्सा है, जहां हम कई जरूरी सामान रखते हैं। अक्सर हम इसे व्यवस्थित रखने की कोशिश करते हैं, लेकिन थोड़े ही समय बाद यह फिर से बिखर जाता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने रसोई के दराज को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रख सकते हैं। चलिए ऐसे पांच तरीके जानते हैं।

**नियमित सफाई करें**

रसोई के दराज को साफ-सुथरा रखने का पहला कदम है नियमित सफाई करना। हर हफ्ते या महीने में एक बार दराज को खाली करें और उसमें मौजूद सभी चीजों को बाहर निकालें। इससे आपको पता चलेगा कि कौन-सी चीजें जरूरी हैं और कौन-सी बेकार। बेकार चीजों को फेंक दें या किसी जरूरतमंद को दे दें। इससे आपके दराज में केवल जरूरी सामान ही रहेंगे, जिससे उसे व्यवस्थित रखना आसान होगा।

**सामान को अलग-अलग रखें**

दराज में सामान रखते समय उन्हें अलग-अलग रखना बहुत जरूरी होता है। जैसे कि एक हिस्से में चम्मच, कांटे, चाकू आदि रखें, वहीं दूसरे हिस्से में छोटे-बड़े बर्तन, बर्तन धोने का सामान या अन्य जरूरी चीजें रखें। इससे आपको हर बार दराज खोलने पर अलग-अलग चीजें खोजनी नहीं पड़ेगी और आपका समय भी बचेगा। इसके अलावा आप दराज में छोटे-छोटे डिब्बों का उपयोग करके भी सामानों को अलग-अलग हिस्सों में बांट सकते हैं।



**छोटे डिब्बों का करें इस्तेमाल**

अगर आपके दराज में जगह कम है तो आप छोटे डिब्बों का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये आपके रसोई के दराज को ज्यादा उपयोगी बना सकते हैं। इनका उपयोग करके आप छोटी-छोटी चीजों जैसे मसाले, सॉस आदि को आसानी से सहेज सकते हैं। इससे आपका दराज साफ-सुथरा रहेगा और हर चीज अपनी जगह पर होगी। इसके अलावा यह आपके काम को भी आसान बनाएगा और आपको रसोई में काम करते समय कोई परेशानी नहीं होगी।

**नियमित रूप से जांचें**

दराज को साफ-सुथरा रखने के लिए नियमित रूप से उसकी जांच करना जरूरी है। हर महीने या दो महीने में एक बार दराज को खोलकर देखें कि क्या उसमें कोई बेकार सामान तो नहीं रखा हुआ है, जिसे हटाने की जरूरत हो। इससे आपके दराज में हमेशा केवल जरूरी सामान ही रहेंगे और वह व्यवस्थित बना रहेगा। इसके अलावा आप यह भी सुनिश्चित कर सकते हैं कि दराज में रखी चीजें सही स्थिति में हों।

**परिवार वालों को सिखाएं**

रसोई के दराज को साफ-सुथरा रखने के लिए सिर्फ आप ही जिम्मेदार नहीं होते, बल्कि आपके परिवार वाले भी इसमें मदद कर सकते हैं। उन्हें सिखाएं कि किस तरह से दराज में रखी चीजों का उपयोग करना चाहिए, ताकि वे उसे सही स्थिति में रखें। इससे आपका दराज हमेशा व्यवस्थित रहेगा और आपको बार-बार उसे ठीक करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने रसोई के दराज को साफ-सुथरा रख सकते हैं।



## शनाया कपूर की नई फिल्म को नाम मिला जैकब कार्डोसो

शनाया कपूर ने अपनी हालिया रिलीज एडवेंचर-थ्रिलर फिल्म तू या मैं से सुर्खियां बटोरी थीं। इसमें उनके साथ आदर्श गौरव मुख्य किरदार में थे, लेकिन दर्शकों का दिल जीतने में यह बुरी तरह से नाकामयाब साबित हुई। इस बीच, शनाया अगली फिल्म को लेकर चर्चाओं में आ गई हैं जिसके शीर्षक का खुलासा आखिरकार हो गया है। फिल्म के निर्माता विकेश भूटानी हैं जिन्होंने आधिकारिक तौर पर शीर्षक का खुलासा कर दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता भूटानी ने बातचीत के दौरान बताया है कि आगामी कॉमेडी फिल्म का शीर्षक जैकब कार्डोसो रखा गया है। शनाया के अलावा, फिल्म में अभय वर्मा मुख्य किरदार में दिखाई देंगे, जिन्हें मुंज्या से लोकप्रियता मिली थी। शुजात सौदागर द्वारा निर्देशित जैकब कार्डोसो की कहानी कथित तौर पर 1987 के समय पर आधारित है। भूटानी ने बताया, यह गोवा में बनी खूबसूरत फिल्म है, उस समय की कहानी है जब गोवा राज्य बन रहा था।

फिल्म जैकब कार्डोसो की शूटिंग मार्च, 2025 में शुरू हुई थी जो 2 महीने में पूरी हो गई। जल्द ही इसकी रिलीज तारीख जारी होगी। आंखों की गुस्ताखियां और तू या मैं के बाद, शनाया की यह तीसरी फिल्म है, जिससे उनके फैंस को काफी उम्मीदें हैं। वहीं अभय की बात करें, तो वह आगामी फिल्म लाइकी लाइका में दिखाई देंगी जिसमें उनके साथ राशा थडानी मुख्य किरदार में दिखेंगी। फिल्म 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों का रुख करेगी।





# होली की कहानी

**होली वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण भारतीय और नेपाली लोगों का त्यौहार है। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली रंगों का तथा हँसी-खुशी का त्योहार है। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है।**

**होली की पूजा सामग्री लिस्ट** में होली से एक दिन पहले मनाए जाने वाले होलिका दहन अनुष्ठान को करने के लिए आवश्यक पूजा वस्तुयें शामिल हैं। आइये विस्तार से पूजा सामग्री सूची के बारे में जाने और जरुरत की चीजें खरीदें।

1- गोबर के उपले
2- सुखी लकड़ी
3- सुखी घास
4- कलावा
5- कपूर
6- माचिस
7- हल्दी
8- अक्षत
9- रोली और कुमकुम
10- फूल
11- बतासे
12- गुड़
13- नारियल
14- गेहूं
15- अगरबत्ती
16- घी
17- कलश
18- प्रसाद
19- धूप
20- लाल कपडा



**हिरण्यकश्यप के मरने से पहले ही होलिका के रूप में बुराई जल गई और अच्छाई के रूप में भक्त प्रहलाद बच गए। - उसी दिन से होली को जलाने और भक्त प्रहलाद के बचने की खुशी में अगले दिन रंग गुलाल लगाए जाने की शुरुआत हो गई। इस प्रकार होली श्री विष्णु भक्त प्रह्लाद के बच जाने की खुशी में भी मनाई जाती है।**

# पौराणिक होली कथा

पुराणों के अनुसार ,प्राचीन समय में हिरण्यकश्यप नामक एक असुर था जो भगवान विष्णु का कट्टर दुश्मन माना जाता था लेकिन उसका खुद का पुत्र प्रह्लाद विष्णु जी का सबसे बड़ा भक्त था । उसकी भक्ति को देखकर हिरण्यकश्यप बहुत कुपित रहा करता था। वह चाहता था कि प्रह्लाद उसकी शक्ति को माने और विष्णु की पूजा न करके उसकी पूजा करे। प्रह्लाद ने ऐसा करने से मना कर दिया। तब हिरण्यकश्यप उसे नाना प्रकार से मार डालने की योजना बनाने लगा। श्री विष्णु कृपा से प्रहलाद हर बार बच जाता था। तब हिरण्यकश्यप के क्रोध का अंत न रहा। उसने अपनी बहन होलिका से प्रह्लाद को जलाकर मार डालने की प्रार्थना करने लगा। उसकी बहन होलिका को यह अशीर्वाद था कि वह अग्नि में नहीं जल सकती । अत: उसने अपनी बहन को मनाया कि वह प्रह्लाद को गोद मे लेकर अग्नि में बैठ जाये। अग्नि उसे छू भी न सकेगी लेकिन प्रह्लाद उस अग्नि में भस्म हो जाएगा। बहन ने अपने भाई की बात मान ली और एक नियत समय पर वह प्रह्लाद को गोद में लेकर बैठी । उसने अग्नि का आह्वान किया। आश्चर्यजनक रूप से होलिका उस अग्नि में बुरी तरह झुलस गई जबकि भक्त प्रह्लाद साफ साफ बच गया। इस प्रकार बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में देश भर में होली मनाई जाती है। कहते हैं कि हिरण्यकश्यप के जीते जी ही बुराई का कैसे अंत होता है उसने देखा कि , होलिका के रूप में बुराई जल गई और अच्छाई के रूप में भक्त प्रहलाद बच गए। - उसी दिन से होली को जलाने और भक्त प्रहलाद के बचने की खुशी में अगले दिन रंग गुलाल लगाए जाने की शुरुआत हो गई। इसलिये गुलाल लगाने से पहले होलिका दहन का रिवाज बन चुका है। रंग - गुलाल लगाना जीवन में उत्साह का प्रतीक माना जाता है। सभी मे भाई - चारा स्थापित होता है। विभिन्न प्रकार के पकवान बनते हैं जो आपसी प्रेम के कारण एक दूसरे को खिलाये जाते हैं। कई जगहों की होली भी बहुत प्रसिद्ध हैं। ब्रज की होली और बरसाने की होली पूरी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। राजस्थान में स्थित उदयपुर में शाही ठाठ बाठ से मनाई जाती है।

## शब्द सामर्थ्य -331


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 330 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

# जनजाति सुरक्षा मंच की कार्यशाला में 'दिल्ली कूच' की रणनीति तय

**रामानुजगंज।** जनजाति सुरक्षा मंच,बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा मंदिर प्रांगण, तातापानी में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डी-लिस्टिंग को लेकर व्यापक रणनीति बनाई गई और आगामी 24 मई को दिल्ली में प्रस्तावित डीलिस्टिंग जनजाति गर्जना महारैली की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महादेव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। उपस्थित समाजजनों ने संकल्प लिया कि जब तक संविधान के अनुच्छेद 342 में संशोधन कर आवश्यक कानून नहीं बनाया जाता, तब तक डी-लिस्टिंग की मांग जारी रहेगी।जशपुर प्रांत के सह संयोजक इंदर भगत ने कहा कि जो लोग मूल धर्म से धर्मांतरण के बाद भी सरकारी आरक्षण का लाभ ले रहे हैं, उससे जनजातीय समाज के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर मंच देशव्यापी स्तर पर डी-लिस्टिंग आंदोलन चला रहा है।जिला संयोजक मेहीलाल सिंह आयाम ने कहा कि प्रस्तावित दिल्ली महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिले के प्रत्येक विकासखंड, ग्राम पंचायत और गांव-गांव तक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। समाज के लोगों को जागरूक कर अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यशाला में संगठनात्मक मजबूती,जनजागरण अभियान और दिल्ली कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से मंथन किया गया। कार्यक्रम में जिला सह संयोजक शशिकला भगत, मुंशीराम शांडिल्य, पीताम्बर सिंह (संगठन मंत्री, वनवासी कल्याण आश्रम), अर्जुन सिंह सहित अनेक पदाधिकारी एवं जनजाति समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में समाज की एकजुटता और दिल्ली कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता के संकल्प के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।



## चंद्रग्रहण के संयोग में होलिका दहन आज होगा जिले में, रंगोत्सव चार को

**कोरिया बैकुंठपुर।** इस वर्ष होली पर्व विशेष ज्योतिषीय संयोग के साथ मनाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 मार्च को होलिका पूजन एवं दहन किया जाएगा, जबकि रंगभरी होली 4 मार्च, बुधवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार 2 और 3 मार्च की मध्य रात्रि में लगभग एक घंटा 12 मिनट का शुभ मुहूर्त होलिका दहन के लिए निर्धारित है। इसी शुभ काल में श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन करेंगे।

3 मार्च का दिन विशेष रहेगा, क्योंकि इस दिन पूर्णिमा तिथि के साथ चंद्रग्रहण का योग बन रहा है। ग्रहण के कारण इस दिन रंग खेलने का कार्यक्रम नहीं रखा गया है। परंपरानुसार पूर्णिमा पर स्नान-दान का विशेष महत्व होता है, इसलिए श्रद्धालु पवित्र नदियों, सरोवरों अथवा घरों में स्नान कर दान-पुण्य करेंगे। धर्माचार्यों के अनुसार ग्रहण काल में मंत्र जप और पूजा-पाठ का विशेष फल मिलता है। होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है।

इस अवसर पर लोग मोहल्लों में लकड़ियां और उपले एकत्र कर पूजा करते हैं। महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं और बच्चे उत्साहपूर्वक तैयारियों में भाग लेते हैं। चैत्र मास में मनाई जाने वाली रंगभरी होली 4 मार्च को हर्षोल्लास के साथ खेली जाएगी। लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश देंगे। प्रशासन ने भी शांति एवं सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की है।

**खड़गवां के 28 पंचायतों को टैंकर की सौगात**

## अब विशेष आयोजनों में नहीं होंगे ग्रामवासी परेशान स्वास्थ्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**एमसीबी।** शनिवार को खड़गवां के सामुदायिक भवन में राज्यस्तरीय टीकाकरण की शुरुआत और किसानों को बोनस की राशि अंतरण मौके पर शामिल हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मंच से अपने उद्बोधन दौरान उपस्थित ग्रामीणों के चेहरे में प्रसन्नता ला दी।

कार्यक्रम के बीच में विभिन्न पहलुओं पर बोलते हुए कहा कि मुझे आपकी सभी मांग और जरूरतों का ध्यान है। मुझे पता है कि जब भी आपके गांव में कोई शादी विवाह, अन्नप्राशन जैसे आयोजन होते है तो आप लोग पीने के पानी को लेकर दुखी हो जाते है क्योंकि ग्रामीण अंचलों में कोई विशेष व्यवस्था नहीं है और सभी पंचायतों में पानी का टैंकर भी उपलब्ध नहीं है लिहाजा आप सभी दाई बहिन काका मन बर विधायक निधि से पानी का टैंकर देने का फैसला लिया हूं। श्री जायसवाल ने ऐसे 28 ग्राम पंचायतों का नाम लिया जिसे विधायक निधि से पानी का टैंकर दिया जाना है। श्री जायसवाल ने बताया कि आज दो ग्राम पंचायतों बरदर और रतनपुर के लिए पानी टैंकर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और इसके साथ बचे 26 ग्राम पंचायतों में खड़गवां, अखराडांड, उधनापुर, पैनारी, मुकुंदपुर, भूकभूकी, बरमपुर, छोटे कलुआ, शिवपुर, जड़हरी, धवल पुर, मझौली, गिद्धमुड़ी, जरौंधा, कोड़ा इत्यादि पंचायत शामिल है। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर टैंकर को रवाना करने के दौरान बड़ी संख्या में खड़गवां के विभिन्न पंचायतों के किसान, पार्टी पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहे।

### नौकरी के नाम पर ठगी

**दुर्ग।** पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एनटीपीसी में एई पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रार्थी से बड़ी रकम वसूल ली थी।पुलिस के अनुसार प्रार्थी रविकांत साहू, निवासी बोरीगारका ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने पहले मंत्रालय में सहायक ग्रेड-3 पद पर नौकरी लगाने का आश्वासन दिया।

## कार्टूनिस्ट पाठक एवं व्यंग्यकार श्रवण की उपस्थित में होली मिलन कार्यक्रम होगा मनेन्द्रगढ़ में

**मनेन्द्रगढ़।** योग एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ और खुशहाल जीवन शैली का संदेश देने वाली एमसीबी योग सेवा समिति के सौजन्य से 4 मार्च को आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह में सुप्रसिद्ध वरिष्ठ कार्टूनिस्ट जगदीश पाठक एवं व्यंग्यकार श्रवण कुमार उरमालिया उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने बताया कि - सरस्वती शिशु मंदिर के खेल प्रांगण में आयोजित होने वाले इस होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंग्यकार श्रवण उरमालिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्टूनिस्ट जगदीश पाठक करेंगे। देश ,समाज ,परिवार और आपसी संबंधों की छोटी बड़ी विसंगतियों को अपने चुटीले कार्टून के द्वारा प्रस्तुत करने वाले जगदीश पाठक एमसीबी जिले के ऐसे प्रथम कार्टूनिस्ट है जिनके 400 से अधिक कार्टूनिस्ट विभिन्न साहित्यिक मंचों पर एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुके हैं। होली मिलन समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित रहने वाले श्रवण कुमार उरमालिया के कई व्यंग्य संग्रह राष्ट्रीय प्रकाशको के द्वारा प्रकाशित हो चुके हैं। व्यंग्य की उनकी कृति -रागबिलबिलावल- विशेष रूप से चर्चित रही है। होली मिलन समारोह में गायक नवल किशोर सिंह के द्वारा गायन किया जाएगा। व्यंग्य की लंबी 50 वर्षीय यात्रा एवं कार्टून के प्रति समर्पण के लिए पतंजलि योग समिति के द्वारा जगदीश पाठक का नागरिक सम्मान भी किया जाएगा। इस अवसर पर कार्टूनिस्ट पाठक की चुनिंदा कार्टून की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आयोजित होने वाला यह विशेष कार्यक्रम प्रातः 7:00 बजे योग सत्र के पश्चात प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के संयोजक ने सांप्रदायिक सद्भाव एवं सामाजिक समरसता के लिए आयोजित होने वाले इस होली मिलन समारोह में नगर की स्वयं सेवी संस्था एवं जनप्रतिनिधियों योग साधकों को भीआमंत्रित किया है।

### नकली सिक्का व हार देकर मां बेटा ने किया ढाई लाख ठगी

**रायपुर।** कलर्स मॉल पचपेड़ी नाका में मां-बेटा ने नकली सिक्का व हार देकर ढाई लाख की ठगी कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश कानस्कर 55 वर्ष अवंति विहार तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का कलर्स मॉल पचपेड़ी नाका में शॉप है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजेश प्रजापति अपनी मां के साथ प्रार्थी के शॉप में आया और नकली सिक्का व हार देकर ढाई लाख की ठगी कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बुजुर्ग से 1 लाख 96 हजार की ठगी, जुर्म दर्ज

**रायपुर।** हरदेवलाला मंदिर के पास टिकरापारा में अज्ञात व्यक्ति ने बुजुर्ग से 1 लाख 96 हजार रुपए ठग लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भोलाराम मरकाम 74 वर्ष हरदेव लाला मंदिर के पास टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के बैंक खाता से बिना जानकारी दिए उसके 9 खाते से 1 लाख 96 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### असामाजिक तत्वों पर कसा शिकंजा

**दुर्ग।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस ने जिलेभर में विशेष अभियान चलाते हुए 28 आदतन आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

### पत्नी ने प्रेमी संग रची साजिश, 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी के खरोरा क्षेत्र से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां पत्नी ने अपने प्रेमी और अन्य साथियों के साथ मिलकर पति की साजिशन हत्या कर दी। आरोपियों ने घटना को सड़क हादसा दिखाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस जांच में पूरा मामला उजागर हो गया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को भागवत सारथी ने थाना खरोरा में सूचना दी कि उसके छोटे भाई किशोर सारथी का शव ग्राम मांठ स्थित सागौन वाटिका के पास संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि मृतक की पत्नी का लिलेश उर्फ मुरू उर्फ कुलदीप नामक युवक से अवैध संबंध था। इस संबंध की जानकारी मिलने के बाद पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद होता था। पुलिस के मुताबिक, इसी विवाद से परेशान होकर पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई। साजिश के तहत पत्नी ने किशोर को बहन को लाने के बहाने गांव भेजा, जहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने थार वाहन से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल होने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले को हत्या का रूप मानते हुए संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया और कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी सहित कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त थार वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

## हृदय जांच शिविर में 172 बच्चों की स्क्रीनिंग, 30 में हृदय रोग के लक्षण चिन्हित-निःशुल्क सर्जरी होगी

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) अंतर्गत प्रातः 10.00 बजे से 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल, जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में जिला स्तरीय विशेष हृदय रोग जांच (कार्डियक स्क्रीनिंग) शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में रायपुर के कॉर्डियोलॉजिस्ट विशेषज्ञों एवं चिकित्सकीय दल द्वारा बच्चों की विस्तृत जांच की गई। हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए आयोजित इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जिले के समस्त विकासखण्डों के चिरायु दल द्वारा चिन्हांकित बच्चों को जांच एवं उपचार हेतु मातृत्व शिशु अस्पताल लाया गया। शिविर में एम.एम.आई. नारायणा रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत महरिया, प्रबंधक उपेन्द्र शुक्ला, खामेश्वर लहरे, ईको टेक्नीशियन वेदप्रकाश साहू तथा मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.के. रेलवानी, डॉ. के.आर. टेकाम, एचओडी डॉ. अविनाशी कुजूर, नोडल आरबीएसके डॉ. के.पी. विश्वकर्मा एवं डीईआईसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग गुप्ता उपस्थित रहे। शिविर में 01 वर्ष से 14 वर्ष तक के कुल 172 बच्चों का पंजीयन किया गया। इनमें से 57 बच्चों की सफलतापूर्वक हृदय ईको जांच की गई, जिसमें 30 बच्चों में हृदय रोग के लक्षण पाए गए। चिन्हांकित बच्चों का निःशुल्क सर्जरी हेतु उपचार रायपुर में किया जाएगा। शिविर के दौरान जिले के समस्त विकासखण्डों के चिरायु दल हितग्राहियों के साथ उपस्थित रहे। शिविर स्थल पर डॉ. सुमन, अस्पताल सलाहकार श्रीमती स्वास्ति शुक्ला तथा डीईआईसी प्रबंधक कमल नारायण सिंह की उपस्थिति में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से बच्चों में गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान एवं निःशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे बच्चों को स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य प्रदान किया जा सके।

**होली से पहले पुलिस की सख्ती, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 69 पुलिसकर्मी सम्मानित**

**भिलाई।** होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दुर्ग पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 69 अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह पुलिस नियंत्रण कक्ष, सेक्टर-06 भिलाई में आयोजित हुआ। पुलिस द्वारा त्योहार के मद्देनज़र जिले में गुंडा, निगरानी बदमाशों और स्थायी वारंटियों के विरुद्ध सतत कार्रवाई की गई। साथ ही फरार आरोपियों की पतासाजी और लंबित प्रकरणों की समीक्षा पर विशेष जोर दिया गया। अभियान के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले 1 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक 9 सहायक उप निरीक्षक 7 प्रधान आरक्षक 41 आरक्षक 9 महिला आरक्षक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस के अनुसार विशेष अभियान से न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण में तेजी आई है। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ाने से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी सफलता मिली है। दुर्ग पुलिस ने नागरिकों से होली के अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया गया है।

## संत कबीर की वाणी समाज को जोड़ती है, सरकार का संकल्प जनजीवन संवारता है:विष्णु देव साय

**रायपुर।** संत परंपरा और आध्यात्मिक चेतना समाज को सही दिशा देती है, और जब शासन व्यवस्था इन मूल्यों से जुड़ती है, तो विकास और संस्कार दोनों साथ-साथ आगे बढ़ते हैं। संत कबीर की वाणी समाज को जोड़ती है, सरकार का संकल्प जनजीवन संवारता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम नादिया स्थित कबीर मठ आश्रम में आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरु कबीर संत सम्मेलन फाल्गुन महोत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही।



मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर आश्रम में विकास कार्य के लिए 11 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने मठ आश्रम परिसर में स्थायी डोम निर्माण और प्रतिवर्ष आयोजन के लिए बजट में राशि का प्रावधान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ग्राम नादिया में मिनी स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की, साथ ही राजनांदगांव शहर में कबीर साहेब के नाम भव्य प्रवेश द्वार निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 202 साल पहले पूज्य सद्गुरु सेवा साहब जी ने नादिया जैसे गांव में कबीर मठ की स्थापना की। हलबा समाज के संत स्वरूप मंतू ठाकुर जी ने आश्रम की सेवा के लिए अपनी समस्त संपत्ति अर्पित कर दी। श्री साय ने कहा कि हलबा समाज का गौरवशाली और समृद्ध इतिहास रहा है। हलबा समाज से गेंदसिंह जैसे महानायक हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में सद्गुरु कबीर के प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे प्रदेश में सद्गुरु संत कबीर का बड़ा प्रभाव है। उन्होंने अपने बचपन से ही कबीर पंथ से जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि कुनकुरी में कबीरपंथ का बड़ा आश्रम है। बचपन से ही पंथ के रीति-रिवाजों से मैं भलीभांति परिचित रहा।छत्तीसगढ़ का जिला कबीरधाम सद्गुरु के नाम पर है। यहां के लोकजीवन में कबीर की वाणी का प्रभाव है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कबीर दास के दोहों में जीवन का संदेश है। उन्होंने 'निंदक नियरे राखिए' जैसे कबीर संत के दोहों को दोहराया। श्री साय ने कहा कि संत कबीर कहते थे कि हमारे भीतर अपनी कमियों को सुनने का साहस होना चाहिए, ताकि हम खुद को बेहतर बना सकें। उनके दोहों में आदर्श जीवन और मानव समाज के हित के संदेश हैं, इसलिए हमें कबीरदास जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है, जहां की 80 प्रतिशत आबादी कृषि अर्थव्यवस्था से जुड़ी है। हमने सुव्यवस्थित धान खरीदी की। धान बेचने के 48 घंटे के भीतर किसानों के खाते में राशि पहुंचे, यह सुनिश्चित किया। शनिवार को हमने 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों के खातों में कृषक उन्नति योजना के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की। महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रदेश की 69 लाख से अधिक माताओं-बहनों के खातों में 15 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी में हमने वादा किया था कि सरकार बनते ही प्राथमिकता के आधार पर 18 लाख आवास प्रदान करेंगे। हमने शपथ लेने के 24 घंटे के भीतर ही पहली कैबिनेट बुलाकर 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दे दी।



## मुख्यमंत्री ने होला मोहल्ला के लिए संगत बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शाम राजधानी रायपुर स्थित रेलवे स्टेशन गुरुद्वारा पहुंचे, जहां उन्होंने मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए अरदास की। इस अवसर पर उन्होंने सिख संगत द्वारा आयोजित होला मोहल्ला यात्रा के लिए निःशुल्क बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिख संगत द्वारा आयोजित इस यात्रा में लगभग 1200 श्रद्धालु 17 बसों, 2 ट्रकों एवं अन्य वाहनों के साथ श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) तथा गुरुद्वारा नानक झीरा साहिब, बीदर (कर्नाटक) के लिए रवाना हुए। यह यात्रा सिख समाज की आस्था, परंपरा और सामूहिक श्रद्धा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने संगत को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, बलिदान और मानवता की सेवा का संदेश पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी से जुड़े पवित्र स्थलों पर आयोजित होला मोहल्ला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि साहस, सेवा और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत परंपरा का प्रतीक है। सिख गुरुओं द्वारा स्थापित शौर्य और समर्पण की विरासत सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सिख संगत द्वारा लगातार 25वें वर्ष इस भव्य आयोजन का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए सिख समाज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा सहित सिख समाज के प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





## खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन मामले में 27 वाहन जब्त

**रायपुर।** रायगढ़ जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोक लगाने खनिज विभाग द्वारा जांच-पड़ताल एवं कार्यवाही का सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। बीते एक सप्ताह के दौरान रायगढ़ जिले में खनिज अमले द्वारा कुल 27 वाहनों को जब्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध खनिज परिवहन के अंतर्गत रेत के 20 ट्रैक्टर एवं 02 हाईवा, खनिज मिट्टी-मुरूम के 03 ट्रैक्टर तथा चूनापत्थर के 02 हाईवा को जब्त किया गया है। जब्त किए गए सभी 27 वाहनों को सुरक्षार्थ कलेक्ट्रेट परिसर सहित थाना कोतरा रोड, भूपदेवपुर, पूंजीपथरा एवं पुसौर में रखा गया है।

खनिज विभाग द्वारा संबंधित परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23(क) के अंतर्गत विधिसम्मत प्रकरण दर्ज किया गया है। अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्णतः नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु खनिज विभाग के अधिकारियों को सतत निगरानी रखने और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाही के निर्देश दिए हैं।

## गांजा के साथ दो आरोपी पकड़ाए प्रकरण दर्ज

**कोरबा।** मादक पदार्थ की रोकथाम को लेकर कोरबा जिले में पुलिस लगातार एक्शन में है। उसके द्वारा कार्रवाई भी की जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ जेल भेजने का काम भी जारी है। पसान थाना की कोरबी चौकी पुलिस ने ऐसे ही एक मामले में चंद्रपाल सिंह कुर्रे को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी एसके जोगी ने बताया कि एक सूचना पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। आरोपी के कब्जे से 110 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। मिसिया गांव के कुर्रे की गतिविधियों के बारे में स्थानी पुलिस को जानकारी मिली जिस पर हमने निगरानी तेज की। जांच पड़ताल की प्रक्रिया में उसके पास से गांजा मिला है। वहीं कुसमुंडा पुलिस ने भी एक आरोपी के कब्जे से 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के अंतर्गत मामला दर्ज किया। आरोपियों को कोर्ट भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन

**कोरबा।** कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को छुरी में आयोजित की। जिसमें कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विनय दुबे, नीरज श्रीवास्तव, शेतबन गोस्वामी, धीरज रानी यादव का सम्मान किया गया। मंडल के अध्यक्ष नंदकुमार देवांगन ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए यह सम्मेलन आयोजित हुआ है, जिसमें सेक्टर कार्यकर्ताओं से भी चर्चा की गई। इसके एक दिन पहले कटघोरा ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव ने कार्यकर्ता सम्मेलन के तैयारियों को लेकर बैठक ली थी। आने वाले दिनों में कटघोरा ग्रामीण क्षेत्र में और भी अनेकों कार्यक्रम होंगे।

## संत गाडगे जयंती 8 को

**कोरबा।** बरेठ समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 8 मार्च को संत गाडगे जयंती के अवसर पर अनेकों कार्यक्रम होंगे। पोड़ीबहार से एक रैली निकाली जाएगी। यह रैली मुख्य मार्ग से होते हुए चेकपोस्ट जाएगी, जहां पर महिला दिवस कार्यक्रम भी मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों के लिए कोरबा जिलाध्यक्ष एनएल बरेठ ने सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है। कार्यक्रम को सफल बनाने पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष व मिलापराम ने भी कई सुझाव दिए। इसके अलावा सदस्यता अभियान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

## सीसी रोड का भूमिपूजन

**कोरबा।** आज कनबेरी में सीसी रोड का भूमिपूजन किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत मौजूद रहेंगी। कनबेरी के ग्रामीणों द्वारा सड़क बनाने की मांग की जा रही थी। इस मामले को जिला पंचायत की बैठक में भी रखा गया था। स्वीकृति मिलने पर निर्माण कार्य के लिए आज भूमिपूजन होगा। इसके पहले भी उरगा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन हुए हैं।

*कोरबा। निगम के वार्ड क्रमांक 29 मुड़ापार में निषाद मोहल्ले में पानी जाम की समस्या को हल करने के लिए निगम द्वारा नालियों की साफ सफाई की जा रही है लेकिन इससे अन्य क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या खड़ी हो रही है।

# एसडीएम ने कराई जांच तो कई चीजें उजागर

# चार माह के राशन में झोल करने पर नप सकते हैं वर्तमान और पूर्व सरपंच

**कोरबा।** जिला कोरबा पाली विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नगाई में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान (आई.डी. क्रं. 552004025) में खाद्यान्न वितरण में गंभीर अनियमितता और स्टॉक में भारी कमी का मामला प्रकाश में आया है। लोहड़िया के ग्रामीणों को चार माह से राशन नहीं मिलने और संचालक द्वारा फिंगरप्रिंट लेने के प्रकरण पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली द्वारा त्वरित जांच के आदेश दिए गए थे।

खाद्य निरीक्षक पाली द्वारा 26 फरवरी 2026 को मौके पर की गई जांच में पाया गया कि दुकान के भौतिक स्टॉक और ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित मात्रा में भारी विसंगति है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार, दुकान में 87.49 क्विंटल चावल, 3.43 क्विंटल शक्कर और 6.12 क्विंटल नमक की भारी कमी पाई गई, जबकि 7.60 क्विंटल चना स्टॉक में अधिक पाया गया है। इसके अतिरिक्त, मौके पर उपस्थित ग्रामीणों और हितग्राहियों ने बयान दिया कि विक्रेता द्वारा उन्हें पिछले दो से तीन माह का राशन प्रदान नहीं किया गया है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि इस दुकान का संचालन वर्ष 2021 से पूर्व सरपंच जयपाल सिंह तंवर द्वारा किया जा रहा है और उन्होंने ही विक्रेता के रूप में विजयपाल सिंह तंवर को नियुक्त किया है।




वर्तमान सरपंच को अब तक इस दुकान का प्रभार हस्तांतरित नहीं किया गया है। इस लापरवाही और स्वेच्छाचारिता को छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की विभिन्न कंडिकाओं और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। इस गंभीर वित्तीय अनियमितता और खाद्यान्न के निजी उपयोग की आशंका को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली ने वर्तमान सरपंच और सचिव (ग्राम पंचायत नगाई), पूर्व सरपंच जयपाल सिंह तंवर और विक्रेता विजयपाल सिंह तंवर को पृथक-पृथक कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन सभी को निर्देशित किया गया है कि वे अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित तिथि तक संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो संबंधितों के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता और गबन के मामले में प्राथमिक सूचना प्रतिवेदन दर्ज कराई जाएगी और नियमानुसार एकपक्षीय कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# और करो मनमानी, होली से पहले मॉडिफाइड सैलेंसर वाले धरे गए नगर में

## पकड़ाने के बाद मिन्नतें की, कोई असर नहीं

**कोरबा।** होली से पहले ही पुलिस ने ट्रैफिक रूल्स का पालन कराने को लेकर तगड़ा अभियान चलाया। सैकड़ों मामलों में कार्रवाई की। जो लोग धरे गए उन्हें जुर्माना देना पड़ा। इस पर भी बात समझ में नहीं आई। होलिका दहन की पूर्व संध्या को पुलिस ने टीपी नगर, पीएच रोड और निहारिका क्षेत्र में जांच-पड़ताल के साथ जबरदस्त कार्यवाही की। ऐसे लोगों ने छुटकारा पाने के लिए तमाम तर्क दिए पर यह कोशिश नाकाम रही।

सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी की देखरेख में यह अभियान संचालित हुआ। ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर और सहयोगी यहां-वहां आवागमन पर नजर रखे थे। होली की खरीदारी को लेकर सड़कों पर दबाव ज्यादा नजर आया। उपर से रूल्स तोड़ने वाले भी आमादा रहे। सबसे ज्यादा दिक्कत बुलेट और स्पोर्ट्स बाइक में लगे मॉडिफाइड सैलेंसर से हुई। इनके कारण रास्ते पर चलने वाली दूसरी गाड़ियों के चालक सहित राहगीर परेशान हुए। पुलिस की टीम ने कुछ मामलों को आसानी से पकड़ा तो कुछ चालकों को पीछा कर उनकी धरपकड़ की।



पुलिस के हत्थे चढ़ने पर ऐसे चालकों ने अपने-अपने स्तर पर बताना चाहा कि गाड़ी का मॉडल ही ऐसा है, कंपनी ने लगाकर दिया है और हम लोग इसमें कुछ नहीं कर सकते। पुलिस ने समझाया कि वास्तविक चीज क्या होती है और आपकी ओर से जो कोशिश की गई है उससे हर कोई परेशान है। इसलिए मुरव्वत का कोई विकल्प नहीं है। ऐसे प्रकरणों में गाड़ियों को जब्त करने की कार्यवाही की गई। इन्हें सीधे यातायात थाना भिजवाया गया। अगली कार्यवाही कोर्ट से होगी, वह भी अगले कार्यालयीन दिवस पर। उपर से चालकों को लंबी पेनाल्टी अदा करने के बाद ही गाड़ी प्राप्त होगी। सीएसपी ने बताया कि होलिका दहन से लेकर रंगोत्सव के बाद तक इस अभियान को कोरबा क्षेत्र में संचालित करना ही है। हमारी कोशिश है कि जो रूल्स बने हुए हैं उनका हर कोई पालन करे, और जो तोड़ेगा उनके साथ सख्ती होगी ही।

*कोरबा। कल एसईकेएमसी केंद्रीय कर्मशाला के अध्यक्ष विकास शुक्ला के द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई।

## खोज हुई पूरी, 30 स्थाई सहित 67 वारंटी भेजे गए जेल

**कोरबा।** 'सजग कोरबा, सतर्क कोरबा' अभियान के तहत 67 गिरफ्तारी वारंटी, 30 स्थायी वारंटी सहित कुल 97 वारंटियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

होली पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोरबा पुलिस द्वारा विशेष सघन अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को फरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु कड़े निर्देश दिए गए थे। 'सजग कोरबा, सतर्क कोरबा' अभियान के अंतर्गत स्थायी वारंटी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली के लिए विशेष दबिश अभियान चलाया गया। एक मार्च को जिलेभर में एक साथ की गई कार्रवाई में लंबे समय से फरार चल रहे 67 गिरफ्तार वारंटी किया गया, जिनमें 30 स्थायी वारंटी शामिल हैं।

## बकरी चराने जंगल गए चरवाहे पर भालू ने किया हमला, हुई मौत

**कोरबा।** जिले के केंदई रेंज अंतर्गत सखोदा परिसर के जंगल में बकरी चराने गए चरवाहे पर भालू ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वन विभाग ने मृतक के परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि दे दी है। घटना का महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि चरवाहे के साथ गए बकरी तो वापस लौट गए लेकिन चरवाहा नहीं आया तो परिजनों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने जंगल में सर्च किया और रात्रि डेढ़ बजे के लगभग मृतक के शव को बरामद करने में सफलता पाई।

मिली जानकारी के अनुसार जंगली जानवर के हमले की यह घटना कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज के सखोदा परिसर के कक्ष क्रमांक पी-331 में घटित हुई। बताया जाता है कि सलाईगोट निवासी संतोष कुमार गोंड़ 1 मार्च को 11 बजे बकरी चराने जंगल की ओर गया था। दोपहर दो बजे उसके साथ गए बकरी तो वापस लौट गए लेकिन संतोष कुमार के नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और इसकी जानकारी ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग को दी जिस पर रेंजर अभिषेक दुबे के निर्देश पर वनकर्मी ग्रामीणों के साथ उसे खोजने जंगल गए जहां रात्रि डेढ़ बजे के लगभग उसका शव बरामद हुआ। शव के पास जंगली जानवर के पैरों के निशान थे, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि चरवाहे का सामना भालू से हो गया और उसने जानलेवा हमला कर दिया जिससे इस घटना में उसकी मौत हो गई। पंचनामे की कार्यवाही व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। वहीं वन विभाग की ओर से जंगली जानवर के हमले में जनक्षति पर दी जाने वाली तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए दे दी गई है।



*मृतक के परिजनों को सहायता राशि देते वनकर्मी।*

## बदलते दौर में गुम सी हो गई नगाड़ों की आवाज होली पर, अब नए विकल्प की तलाश

**कोरबा।** फाल्गुन माह की देर शामें जब गाँव शहर की गलियों में नगाड़े की गड़गड़ाहट गूँजती तो फाग गीतों की लहरें सबके दिल धड़कन बन जातीं। बसन्त पंचमी से ही ध्वनि समुद्र में डुबकी लगाते लोक गीतकार, फाग गायक और श्रोताओं की टोली झूमते हुए गीत गाते थे, पर आज कल इस मौसमी महफ़िल में केवल होली का आगाज़ होता है जबकि नगाड़े की जगह इलेक्ट्रॉनिक बीट्स और डीजे मिक्स़ की आवाज़ें भर रही हैं।

नगाड़ा निर्माताओं के बीच इस परिवर्तन को महसूस करने वाले कैलाश रविदास ने बताया की पहले हम साल भर 100 से अधिक नगाड़े बनाते थे हर बार बसन्त पंचमी आते ही नगाड़ा खरीदने वालो की लाइन लगी होती थी। आज कल लोग इस परम्परा को नहीं समझते इसलिए



हम केवल 20-30 नगाड़े ही तैयार कर पाए हैं और वह भी अब तक बिके नहीं हैं। कैलाश ने बताया कि सीमित आपूर्ति के कारण इस वर्ष नगाड़े की कीमत में चार गुना इज़ाफ़ा हो गया है। पहले एक जोड़ी नगाड़े की कीमत लगभग 500 से 700रुपये तक होती थी, अब वही जोड़ी 2500 रुपये तक पहुँच गई है। यह सिर्फ कीमत नहीं, बल्कि परम्परा का मूल्य है जो धीरे धीरे बाज़ार में अपना स्थान खो रहा है।

## शांति समिति की बैठक में निरीक्षक प्रमोद ने दिए निर्देश

**कोरबा।** हरदीबाजार थाना परिसर में रविवार को होली पर्व व रमजान माह के मद्देनजर हरदीबाजार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना ने शांतिपूर्ण, भाईचारा और सौहार्दपूर्वक रंगों का त्यौहार होली मानने और हुंडदंगियों, शराब पी कर जबरदस्ती रंग गुलाल लगाने वालों,लडाई झगड़ा करने वालों,अवैध शराब बिक्री करने वालों पर पुलिस की होगी कार्यवाही। वही चार पेट्रोलियम पार्टी क्षेत्र में रखेगी निगरानी। शांति समिति की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को भी विशेष ध्यान रखने और सूचना देने की बात कही इस दौरान लोकेश्वर कंवर सरपंच,चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन, छोटे लाल पटेल, अनिल टंडन,अरुण राठौर, बाबूराम राठौर,रामू जायसवाल,विजय जायसवाल, राजाराम राठौर,विनोद उपाध्याय,निलेंद्र राठौर,दुर्गेश डिक्सेना,पंकज ध्रुवा, सराई सिंगार सोनसाय भैना,रेंकी सरपंच तीजराम उर्रे, उपसरंपच शिव यादव, मुड़ापार कुंवर सिंह राज, अखरापाली बरन सिंह, भलपहरी कामता प्रसाद मरावी, मुरली शंकर सिंह कंवर, रवि राठौर गणमान्य नागरिक,सरपंच उपसरपंच, नेवसा उपसरपंच नाजीम खान,रफिक खान क्षेत्र के महिला पुरूष कोटवार आदि उपस्थित थे।

## एबीयू की मेरिट सूची में सातवीं रैंक हासिल की निकिता ने

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एमए अंतिम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कोरबा की प्रतिभाशाली छात्रा निकिता सिंह राजपूत ने शानदार सफलता हासिल की है। कमला नेहरू महाविद्यालय की छात्रा निकिता ने मास्टर ऑफ आर्ट्स (अंग्रेजी) में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।



विश्वविद्यालय की जारी मेरिट सूची में भी निकिता ने सातवां स्थान अर्जित कर अपनी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। परिणाम घोषित होते ही महाविद्यालय परिसर एवं शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। प्राचार्य, प्राध्यापकगण और सहपाठियों ने निकिता को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निकिता सिंह राजपूत समाजसेवी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसर सिंह राजपूत और आरती सिंह की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवारजनों के मार्गदर्शन व सहयोग को दिया है। निकिता ने बताया कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो सकी। उनका लक्ष्य भविष्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए शिक्षण और शोध कार्य से जुड़ना है। निकिता की इस उपलब्धि से कोरबा शहर के युवाओं को प्रेरणा मिली है। शुभचिंतकों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए मिसाल बनेगी।

## पंडित शिवराज के फाग गीतों पर झूमे लोग



### आरएसएस नगर में होलिका दहन की पूर्व संध्या को आयोजन

**कोरबा।** होलिका दहन की पूर्व संध्या पर आरएसएस नगर में फाग गीतों के साथ लोगों ने परंपरा और संस्कृति के साथ खुद को जोड़ा। राज्यपाल शिक्षा अलंकरण से सम्मानित पंडित शिवराज शर्मा के फाग गीतों ने ऐसा जादू बिखेरा कि श्रोता झूमने को मजबूर हो गए।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद पंडित शिवराज शर्मा ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक फाग रचनाओं को अपने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरे की थाप के साथ जब फाग गीत गूंजे तो उपस्थित लोगों के कदम खुद-ब-खुद थिरकने लगे। फाग गीतों में राधा-कृष्ण की होली, बरसाने की ठिठोली और ब्रज की मस्ती का जीवंत चित्रण हुआ। फागुनी बयार चली तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो आरएसएस नगर का इलाका ब्रजधाम में बदल गया हो । और आसपास ही वृंदावन-बरसाना की होली की छटा बिखर रही हो। । फाग गीतों की मिठास और रंगों की उमंग ने सभी के मन में होली के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया। आरएसएस नगर में आयोजित यह फाग संध्या होली के आगमन की एक सुंदर और यादगार शुरुआत बन गई। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

## लोक पर्वों की गरिमा बनाना सबकी जिम्मेदारी : वर्मा

**कोरबा।** लोक पर्वों के पीछे एक अवधारणा होती है और एक सार्थक संदेश भी, इसलिए इसकी गरिमा का पूरा ख्याल रखना हर किसी की नैतिक जिम्मेदारी है। यह कहना है पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद वर्मा का। उन्होंने राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समस्त पत्रकारों और नागरिकों को होली की शुभकामना दी और कहा कि अतीत के घटनाक्रम होलिका दहन और रंगोत्सव को विशेष बनाते हैं। किसी के लिए बुरा सोचने पर होलिका का खुद अंत हो गया और भक्त प्रहलाद देवी की कृपा से सुरक्षित रह गए। होलिका दहन के माध्यम से यह संदेश जाता है कि किसी भी कारण से हम दूसरों का बुरा चाहने के बजाय कल्याण का विचार करें। रंग-गुलाल की परंपरा यह दर्शाती है कि संसार में जो कुछ भी अच्छा है उसके प्रति हमारी दृष्टि अच्छी होनी चाहिए। विनोद वर्मा ने कहा कि जब लोगों की दृष्टि समग्र रूप से अच्छी होगी तो वे सकारात्मक होंगे और निश्चित तौर पर अपने क्षेत्र, प्रदेश, देश और समाज के लिए अनुकूलता की स्थिति बनाएंगे।



## धूमधाम से सजे बाजार, आज रात जलेगी होलिका

### रंग, गुलाल व पुचकारी खरीदने में दिखा उत्साह

**कोरबा।** शहर में होली पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। परंपरा के अनुसार आज रात शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया जाएगा, जबकि तीसरे दिन रंगोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। अलग-अलग मोहल्लों में होलिका दहन स्थल सजाए गए हैं और लकड़ी, उपले व पूजन सामग्री की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

शहर के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और कॉलोनियों में रंग-गुलाल, पिचकारी और अन्य सजावटी सामान की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों में रंग-बिरंगी पिचकारियों को लेकर खास उत्साह देखा गया, वहीं युवाओं ने हर्बल गुलाल और थीम आधारित रंगों की खरीदारी की। महिलाओं ने भी पूजन सामग्री और रंगों की खरीद में रुचि दिखाई। व्यापारियों का कहना है कि इस बार बाजार में हर वर्ग के बजट के अनुरूप सामान उपलब्ध कराया गया है। पारंपरिक गुलाल के साथ-साथ हर्बल रंगों और आकर्षक डिजाइन वाली पिचकारियों की मांग अधिक है। कुछ दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्ष



की तुलना में इस बार बिक्री बेहतर रहने की उम्मीद है। इधर, पुलिस प्रशासन ने होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहार की आड़ में किसी भी प्रकार की अभद्रता, जबरन रंग लगाने या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारे और गरिमा का ध्यान रखते हुए होली मनाएं, ताकि रंगों का यह पर्व खुशियों और सौहार्द का संदेश दे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com